स्टार्टअप के लिए भारत बना विदेशियों की पहली पसंद

3376
विदेशी कंपनियों की संख्या बढ़कर इतनी हुई

भारत स्टार्टअप शुरू करने के लिहाज से विदेशियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। खास बात यह है कि कुछ कड़वे अनुभवों के बाद भी लोगों को यही देश पसंद आ रहा है। लिहाजा कई देशों के लोगों ने एक क्षेत्र में विफलता के बाद दोबारा वापसी की, खुद को साबित किया और मुकाम हासिल किया। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए भारत उतनी लाभप्रद जगह नहीं है। कॉरपोरेट मामलों से जुड़े मंत्रालय के मुताबिक पिछले चार सालों में विदेशी कंपनियों की संख्या 3363 से बढ़कर 3376 हुई है। नई दिल्ली और बेंगलुरु में सबसे ज्यादा ऐसी कंपनियां हैं।

विदेशी कंपनियों की बढ़ती संख्या



नोट: वे विदेशी कंपनियां जो किसी विदेशी द्वारा निजी या संस्थागत तौर पर पंजीकृत करायी गई हैं।
स्रोत: कारपोरेट मामलों संबंधी मंत्रालय

ई-वाणिज्य में सबसे ज्यादा निवेश

ई-वाणिज्य श्रेणी 2019 में अधिक निवेश आकर्षित करने में सफल रही। इस श्रेणी की कंपनियों ने 2.2 अरब डॉलर के निवेश पाने में सफलता पाई। इस दौरान परिवहन एवं ढुलाई व्यवस्था क्षेत्र की कंपनियों ने 2.4 अरब डॉलर और वित्त क्षेत्र की प्रौद्योगिकी कंपनियों ने 4.1 अरब डॉलर के निवेश जुटाए।

संख्या और मूल्य दोनों में हुई बढ़ोतरी

भारत में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप कंपनियों में 2019 में निवेश का कुल प्रतिशत सबसे ज्यादा बढ़ा है। इसमें सबसे ज्यादा निवेश दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक भारत ने सौदों की संख्या तथा इनके मूल्य दोनों के लिहाज से बेहतर प्रदर्शन किया है। सबसे ज्यादा निवेश खाद्य और तकनीकी क्षेत्र में हुआ है।

स्वरोजगार की खातिर स्टार्टअप

स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत में कुल 21 हजार 778 स्टार्टअप शुरू किए गए। वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआइआइ) की रिपोर्ट के अनुसार 2019 में भारत 52वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि साल 2015 में भारत की रैंकिंग 81 थी। इसी के चलते भारत विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआइपीओ) तथा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) के सहयोग से वैश्विक नवाचार सूचकांक जारी करने वाला पहला विकासशील देश बन गया है।

क्यों पसंद आता है भारत

- भारत के उपभोक्ता बाजार का आकार मशीनी योग्यता और कम पारिश्रमिक के चलते विदेशी निवेश के चलते बेहद उपयुक्त है।
- यहां बेरोजगारी अधिक है। लोग सस्ते दामों पर भी काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं।
- कई क्षेत्रों में काम करने की गुंजाइश है। खाद्य और तकनीकी में बहुत संभावनाएं हैं।
- कम लागत से भी कोई भी व्यापार शुरू किया जा सकता है।
- सरकार ने स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए कई तरीके की सहूलियतें मुहैया करा रखी हैं।

टैक्स राहतों पर है स्टार्ट-अप्स की नजर

पूंजी की समस्या हो जाएगी दूर और कंपनियां इस राशि का इस्तेमाल अपने विस्तार के लिए कर पाएंगी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : इनोवेशन और टेक्नोलॉजी की मदद से समाधान पेश कर रहे स्टार्ट-अप्स इस बजट को बड़ी उम्मीद की नजरों से देख रहे हैं। सरकार की तरफ से भी स्टार्ट-अप्स को मिल रहे फोकस से उम्मीद है कि इस बार बजट में इस क्षेत्र को आयकर के मामले में कुछ राहत मिल जाए।

स्टार्ट-अप कंपनियों का मानना है कि इस क्षेत्र के लिए टैक्स कंप्लायंस की व्यवस्था को सरल बनाने से उनके लिए कैश-फ्लो आसान हो जाएगा। स्टार्ट-अप के लिए पूंजी की समस्या दूर हो जाएगी और वे इस राशि का इस्तेमाल अपने विस्तार के लिए कर पाएंगे।

छोटे किराना और खुदरा दुकानदारों के बीच काम कर रहे ऐसे ही एक स्टार्ट-अप और बी2बी क्षेत्र की ई-कॉमर्स कंपनी उड़ान के सह-संस्थापक सुजीत कुमार कहते हैं, 'सरकार को औपचारिक और अनौपचारिक रोजगार के सृजन पर फोकस करना चाहिए। खासतौर पर एमएसएमई क्षेत्र में। सरकार को उन स्टार्ट-अप्स के लिए भी प्रोत्साहन के कदम उठाने चाहिए जो टियर-2 और टियर-3 शहरों की दिक्कतों का समाधान करने के क्षेत्र में काम कर रहे हैं।'

छोटे शहरों के लिए समाधान तलाशने के काम में स्टार्ट-अप्स की अहम भूमिका रही है। उड़ान भी ऐसे शहरों के रिटेलरों और विभिन्न विक्रेताओं को आपस में जुड़ने का मंच उपलब्ध कराती है। देश के 900 शहरों के करीब 30 लाख रिटेलर इस मंच के जरिए देशभर के 20 हजार विक्रेताओं के साथ जुड़े हुए हैं। इनमें छोटे निर्माता, किसान, मिलें, ब्रांड, दुकानदार, रेस्तरां शामिल हैं। कुमार मानते हैं कि अगर बजट में टैक्स प्रावधानों को और सरल बनाया जा सके तो स्टार्ट-अप्स की रफ्तार और तेज की जा सकेगी।

आम बजट के डॉक्यूमेंट्स की प्रिंटिंग से पहले हलवा समारोह होता है। नई दिल्ली में सोमवार को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण (सेंटर में) ने हलवा वितरित किया। इस मौके पर बाएं से वित्त सचिव राजीव कुमार, वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर और वित्त मामलों के सचिव अतनु चक्रवर्ती (सबसे दाएं) सहित वित्त मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित रहे। भारतीय परंपरा में नया काम शुरू करने से पहले मुंह मीठा कराया जाता है। यही वजह है कि बजट को प्रिंटिंग के लिए भेजने से पहले इस परंपरा का निर्वहन किया जाता है। • प्रेट्र

नोटबंदी के बाद हजारों ज्वैलर्स के ग्राहक, बिक्री बिल...सब फर्जी

जाब्यू, नई दिल्ली : वित्त मंत्रालय के तहत काम करने वाली एजेंसियां पहले ही संकेत दे चुकी थीं कि नवंबर, 2016 में लागू नोटबंदी को चूना लगाने में ज्वैलर्स सबसे आगे रहे थे। तकरीबन चार वर्षों की जांच के बाद सामने आ रहे तथ्य इन एजेंसियों के संकेत को सही साबित करते हैं। नोटबंदी नौ नवंबर, 2016 को लागू की गई थी और 30 दिसंबर, 2016 के आंकड़े बताते हैं कि किसी ज्वैलर ने सामान्य से 93 हजार फीसद ज्यादा रकम बैंकों में जमा करवाई तो किसी ने अपनी सालाना कमाई से एक हजार फीसद ज्यादा राशि सिर्फ उक्त अवधि में जमा करा दी। पांच लाख रुपये की सालाना आय वाले ज्वैलरों ने दो-तीन दिनों में करोड़ों रुपये जमा करा दिए।

देश के बजट से भी ज्यादा भारत के 63 अरबपतियों की संपत्ति

देश के एक फीसद अमीरों के पास 70 फीसद आबादी के चार गुने से अधिक संपत्ति


आर्थिक विषमता : दुनिया में अमीरों और गरीबों के बीच बढ़ती खाई

2153
अरबपतियों के पास 4.6 अरब लोगों से अधिक संपत्ति
22
सर्वाधिक अमीरों के पास अफ्रीका महाद्वीप की सभी महिलाओं से अधिक धन
1%
दुनिया के 1% अमीरों के पास 6.9 अरब लोगों की दोगुनी संपत्ति
10.8 लाख करोड़ डॉलर
15 साल और इससे ऊपर की महिलाओं के गैर भुगतान किए जाने वाले काम की कीमत 10.8 लाख करोड़ डॉलर सालाना
पिछले दशक के मुकाबले दुनिया में अरबपतियों की संख्या बढ़कर हुई दोगुनी

- विकसित देशों में असमानता की स्थिति बेहद गंभीर
- लैंगिक भेदभाव के कारण और ज्यादा बढ़ती है असमानता

दावोस, प्रेट्र : भारत के कुल 63 अरबपतियों की संपत्ति देश के पिछले साल के बजट से भी ज्यादा है। पिछले वित्त वर्ष के लिए सरकार ने 24.42 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। इतना ही नहीं देश की एक फीसद अमीर आबादी की कुल संपत्ति 70 फीसद निचले तबके की संपत्ति के चार गुने से भी ज्यादा है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की 50वीं वार्षिक बैठक से पहले मानवाधिकार समूह ऑक्सफैम की ओर से जारी रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

रिपोर्ट में कहा गया कि दुनिया के 2,153 अरबपतियों की संपत्ति 60 फीसद यानी करीब 4.6 अरब आबादी की संयुक्त संपत्ति से भी ज्यादा है। असमानता की स्थिति बेहद चिंताजनक है। पिछले एक दशक में अरबपतियों की संख्या दोगुनी हो गई है। हालांकि इस दौरान पिछले साल के मुकाबले अरबपतियों की कुल संपत्ति में हल्की कमी आई है। ऑक्सफैम इंडिया के सीईओ अमिताभ बहर ने कहा, 'अमीर और गरीब के बीच का अंतर तब तक नहीं मिटाया जा सकता है, जब तक खासतौर पर असमानता को मिटाने वाली नीतियां नहीं बनेंगी। फिलहाल बहुत कम सरकारें इस दिशा में प्रतिबद्ध हैं।' इस बार डब्ल्यूईएफ के पांच दिवसीय सम्मेलन में आय और लैंगिक असमानता का मुद्दा प्रमुखता से उठने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी चेताया गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव की स्थिति इस साल भी बनी रह सकती है। असमानता के कारण दुनियाभर में सामाजिक अस्थिरता की बात भी कही गई है। भ्रष्टाचार, असंवैधानिक गतिविधियों और मूलभूत वस्तुओं व सेवाओं के महंगा होने से स्थिति और जटिल हो सकती है।

ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन दशक में वैश्विक स्तर पर असमानता कुछ हद तक कम हुई है, लेकिन कुछ देशों में यह असमानता ज्यादा बढ़ी है।

एम्स में आर्थिक आरक्षण हुआ लागू, एमबीबीएस की भी बढ़ेंगी सीटें

रणविजय सिंह • नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में नए सत्र के लिए मेडिकल स्नातकोत्तर में दाखिले के साथ ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) आरक्षण लागू हो गया है। इस वजह से संस्थान में एमबीबीएस के दाखिले में भी आर्थिक आरक्षण लागू होने का रास्ता साफ हो गया है। नए शैक्षणिक सत्र से यह व्यवस्था दिल्ली सहित देशभर के सभी एम्स में लागू होगी। खास बात यह है कि एम्स में इस बार एमबीबीएस की 25 फीसद सीटें भी बढ़ेंगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले साल ही सभी मेडिकल कॉलेजों को आर्थिक आरक्षण को लागू करने का निर्देश दिया था, लेकिन तब एम्स ने इसे लागू करने में असमर्थता जताई थी।

आइएमएफ ने भारत का विकास अनुमान घटाया

दावोस, प्रेट्र : अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत का विकास दर अनुमान घटाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) जारी करते हुए संस्था ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय विकास दर में गिरावट की सबसे बड़ी वजह भी भारतीय बाजार का उम्मीद से कमतर प्रदर्शन ही है। पिछले वर्ष अक्टूबर में आइएमएफ ने चालू वित्त वर्ष (2019-20) के लिए भारत की जीडीपी विकास दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

सोनिया ने कैप्टन से पूछा, पंजाब में इतनी महंगी बिजली क्यों?

कैलाश नाथ • चंडीगढ़

पंजाब में महंगी बिजली के मुद्दे पर कांग्रेस हाईकमान भी चिंतित है। पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को बैठक में मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह से पहला सवाल यही पूछा कि पंजाब में इतनी महंगी बिजली क्यों है? मुख्यमंत्री ने जवाब दिया कि इसके लिए शिरोमणि अकाली दल जिम्मेदार है। हम इस पर काम कर रहे हैं और जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। दिल्ली में हुई बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ और प्रदेश प्रभारी आशा कुमारी भी मौजूद थीं।

कैप्टन ने सोनिया गांधी के साथ अलग से भी बैठक की। दस मिनट तक चली इस मुलाकात के दौरान माना जा रहा है कि राज्यसभा सदस्य प्रताप सिंह बाजवा का भी मुद्दा उठा। पंजाब के राजनीतिक व प्रशासनिक मुद्दों को लेकर कैप्टन के साथ दो चरणों में बैठक हुई। पहले चरण में सोनिया का मुख्य फोकस नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और महंगी बिजली को लेकर था।

हरियाणा की मंडियां

करनाल : गेहूं दड़ा 2100/2110, बासमती चावल 6500/6600, धान 1121 नं. 2950/3000, पूसा 1509 धान 2850/2875, शरबती धान 2100/2150, सेला (1509 नं.) चावल 5175/5200, सेला 1121 चावल 5550/5600, स्टीम 6050/6150, शरबती चावल सेला 3850/3900, स्टीम 4500/4550, चावल परमल कच्चा 2400/2450, सेला 2325/2375, आईआर-(8) सेला 2200/2250, चना (छना) 5150/5200, चना दाल 5300/5350

पानीपत (सूत) : कॉटनयार्न (5 किग्रा): हैंकयार्न: 2/4 नं. 390/400, 2/6 नं. 470/495, 2/10 नं. 590/610, 2/20 नं. 690/700, कोन यार्न: 2/4 नं. 390/400, 2/6 नं. 470/495, 2/10 नं. 590/610, 2/20 नं. 690/700

समालखा : खल सरसों (हिसार वाली) 2200/2400, खल बिनौला (कैथल वाली) 2400/2550, गुड़ 3300/3400, धान 1121 नं. ×

यूनिटेक पर सरकार का प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट से मंजूर

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने वित्तीय संकट में फंसी रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक लिमिटेड की अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने संबंधी सरकार के शुरुआती प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। प्रस्ताव के मुताबिक सरकार ने कंपनी के प्रबंधन को निरस्त करते हुए इसका नया प्रबंधन अपने हाथों में ले लिया है। कंपनी का नया प्रबंधन आइएएस अधिकारी वाईएस मलिक को सौंपा गया है। प्रबंधन में जाने-माने रियल एस्टेट उद्योगपति निरंजन हीरानंदानी भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा बोर्ड सदस्य नए बोर्ड का हिस्सा नहीं होंगे। कोर्ट ने यूनिटेक ग्रुप के संस्थापक रमेश चंद्रा को बोर्ड में शामिल होने की अनुमति भी नहीं दी है। अदालत ने कहा कि अभी इसके लिए सही समय नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने नए बोर्ड को यूनिटेक की अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने पर ठोस प्रस्ताव देने के लिए दो महीने का समय दिया है।

SUPER SPECIALITY PAEDIATRIC HOSPITAL & POST GRADUATE TEACHING INSTITUTE
SECTOR- 30 NOIDA, GAUTAM BUDH NAGAR, U.P. (INDIA)- 201303
(An Autonomous Body Under Govt. of UP)
Website- www.ssphpgti.ac.in; E-Mail- sspginoida@gmail.com
Advt. No. SSPHGPGTI/MOS/2020/01 Date- 19.01.2020
CORRIGENDUM
This is in reference to the Notice inviting Tender- Advt. No. SSPHGPGTI/MOS/2019/23; Dated- 31.12.2019 for Supply of Medical Equipment from eligible bidders. The revised schedule for tender process is as under:-
1. The Tender document shall be made available on E-Tender Portal from latest by 22.01.2020.
2. The last date and time for submission of online bids, EMD and Tender Fee for all the tenders shall be 22.02.2020 till 04:00 PM.
3. The date for downloading Technical Bid of all the tenders shall be 25.02.2020.
4. All further communications (notification/corrigendum/addendum) and the date and time for downloading the Financial Bid shall be uploaded on the website and e-tender portal only from time to time.
DIRECTOR

WEST BENGAL
ESSENTIAL COMMODITIES SUPPLY CORPORATION LTD.
(A GOVT. OF WEST BENGAL UNDERTAKING)
11-A, Mirza Ghalib Street, Kolkata-700 087
Memo No.: ECSC/ICDS/2019-20/123/1367 Date: 20.01.2020
Sub :- E-Tender Cancellation Notice
In pursuance of the decision by competent authority, the E-Tender Documents Published vide Memo No. ECSC/ICDS/2019-20/1338, ECSC/ICDS/2019-20/1339, ECSC/ICDS/2019-20/1340 and ECSC/ICDS/2019-20/1341 dated : 20.12.2019 respectively are hereby cancelled due to administrative reasons.
Sd/-
Managing Director

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492-099
No. Admin/Recruitment/SR/Dentistry/2020/AIIMS.RPR/741 दिनांक 20-01-2020
भर्ती सूचना
एम्स रायपुर, भारतीय रेजीडेंसी योजना के अंतर्गत भारतीय नागरिको से डेंटिस्ट्री विभाग (ओरल एंड मैक्सीलोफेसिअल सर्जरी एंड प्रोस्थोडोंटिक्स) में सीनियर रेसिडेंट्स [कुल पद -04 (अ.ना.-01, अ.पि.व.-02, अ. जा.- 01)] पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। वेतन 67700/- (स्तर-11, खंड 1, सातवें सीपीसी के अनुसार) प्रतिमाह एवं एनपीए (यदि लागू हो) सहित अधिमान्य भत्ते प्रदान किए जाएंगे। आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण एम्स रायपुर की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in पर 20.01.2020 (प्रातः 11.00 बजे) से 10.02.2020 (सायं 5.00 बजे) तक उपलब्ध होगा।
इन पदों की पात्रता मानदंड, आवेदन पत्र, नियम और शर्तों के लिए कृपया एम्स की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in का अवलोकन करें। इस विज्ञापन से संबंधित सभी अधिसूचनाएं, संशोधन, शुद्धिपत्र आदि (यदि कोई होगा) केवल एम्स रायपुर की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का नियमित अवलोकन करें।
-निदेशक, एम्स रायपुर

इलाहाबाद बैंक
शाखा : चंडीगढ़/अम्बाला शहर
[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-8 (1) के अंतर्गत]
कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)
चूंकि, इलाहाबाद बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनः निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ी गई धारा 13 (12) के अधीन शक्तियों के निर्वहन में कथित सूचना प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग सूचना में वर्णित राशि की अदायगी हेतु आमंत्रित करते निम्न वर्णित तिथियों पर ऋणियों एवं गारंटरों को मांग सूचना जारी की थी।
ऋणी द्वारा राशि की अदायगी करने में असफल रहने पर एतदद्वारा ऋणियों/गारंटरों तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित तिथियों पर नियम 8 के साथ पढ़ी गई कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत स्वयं को प्रदत्त शक्तियों के निर्वहन में निम्न वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त किया है।
ऋणी को विशेष तौर पर तथा आम जनता को एतदद्वारा संपत्ति के साथ कोई लेन-देन न करने के बारे में सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई लेन-देन निम्न वर्णित राशि तथा ब्याज, आकस्मिक खर्चों तथा उस लागतों के लिए इलाहाबाद बैंक के प्रभार का विषय होगा।
ऋणियों का ध्यान सिक्योर्ड परिसंपत्तियों की एवज में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों से आमंत्रित किया जाता है।

ऋणी/गारंटर का नाम	अचल संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि	बकाया देय राशि
श्री अमित शर्मा उर्फ नरिंदर शर्मा पुत्र श्री राम सरूप शर्मा 283031, राम बाग रोड, अम्बाला कैंट (ऋणी), गारंटर :- श्री सचिन कुमार पुत्र श्री कृष्ण लाल, (ए) 44 ए लक्ष्मी नगर, पीछे बीडी फ्लोर मिल, करधां अम्बाला कैंट (बी) मार्फत सचिन ट्रेडिंग कंपनी 2830 राम बाग रोड अम्बाला कैंट, 2. हरविंदर कुमार पुत्र नरिंदर कुमार, म.नं. 3318, सेक्टर-23, कच्चा बाजार, अम्बाला कैंट।	अमित शर्मा उर्फ नरिंदर शर्मा द्वारा कब्जा एवं स्वामित्व, उप रजिस्ट्रार अम्बाला के कार्यालय में पंजीकृत श्री अमित शर्मा उर्फ नरिंदर शर्मा के पक्ष में श्रीमती कृष्णा देवी द्वारा निष्पादित अम्बाला कैंट पर पंजीकृत, पंजीकृत उपहार विलेख सं. 4617 दिनांक 14.11.2005, वही नं.1, जल्द सं. 64, पृष्ठ सं.89 द्वारा खसरा सं. 5//19/2/3 (0-8) खेवट खतौनी सं. 1407/1786 पर स्थित वाका रकबा गांव करधां तहसील एवं जिला अम्बाला में स्थित संपत्ति माप 235 वर्ग गज की इक्विटेबल मोर्टगेज। उक्त संपत्ति इलाहाबाद बैंक अम्बाला सिटी शाखा के पक्ष में निष्पादित उप रजिस्ट्रार-अम्बाला के साथ पंजीकृत बिक्री विलेख सं. 4617 दिनांक 14.11.2005 की इक्विटेबल मोर्टगेज द्वारा कवर्ड है।	18.11.2019	20.01.2020	रु. 6,70,800/- (18.11.2019 तक ब्याज सहित) एवं उस पर ब्याज एवं प्रभार

दिनांक: 20.01.2020 स्थान: अम्बाला शहर प्राधिकृत अधिकारी

उद्यान, सी.ई.वी. घरौंडा (करनाल)
सार्वजनिक सूचना
सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र, घरौंडा पर दिनांक 26, 27 व 28 जनवरी, 2020 को केन्द्र पर आयोजित किए जाने वाले छटे सब्जी मेला हेतु मोहरबंध कुटेशनें आमंत्रित है। जिनकी केन्द्र पर जमा करवाने की अंतिम तिथि 21.01.2020 सांय 5 बजे तक है। आयोजन में लगभग 150 स्टालें, 800 व्यक्तियों की क्षमता वाले सेमिनार हॉल व एक 10 पकवानों के फूड कोर्ट की स्थापना की जानी है। इच्छुक फर्में, व्यक्ति अधिक जानकारी हेतु उप-निदेशक उद्यान, सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र, घरौंडा (करनाल) कार्यालय में सम्पर्क करें: मो.नं. 9812163920

S.No.	Description of work
1.	150 Stall for exhibition
2.	Tantage, light arrangement and sound system along with one stage (30'X 20'), projector, LED screen, sound and sitting arrangement for 1000 people for seminar will be part of seminar hall.
3.	Two lounges with sofa set and tables for VIP's (Size 30x30 ft.) and Press (Size 15x15 ft.)
4.	One Food court will above established by firm on prepaid coupon issued by firm with minimum 10 different dishes.
5.	Flags (200 Nos.)
	Total

उप-निदेशक उद्यान, सी.ई.वी. घरौंडा (करनाल)

www.zalimlotion.in
जालिमलोशन®
Fastest > Trusted > Tested
...पीढ़ियों से
दाद, खाज, खुजली से तुरंत आराम
ZALIM LOTION
For Ringworm and Itches
Also Available on: amazon
Scan the QR Code using your device.
ANIL PUB.

जागरण TV
हकीकत देखने की आदत डालो
Jagran New Media
क्या कॉम्बिफ्लेम की एक गोली से जा सकती है आपकी जान?
जानें क्या कहती है विश्वास न्यूज की पड़ताल
विश्वास News
VISHVASNEWS.COM
पर पढ़ने के लिए अपने स्मार्टफोन के कैमरा से स्कैन करें
जागरण TV
JAGRANTV.COM
पर देखने के लिए अपने स्मार्टफोन के कैमरा से स्कैन करें

एक नजर में

राजस्थान में सड़क हादसे में सात की मौके पर ही मौत

जयपुर : राजस्थान के चूरू जिले में रविवार रात घने कोहरे के कारण हुए भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें पांच एक ही गांव के निवासी थे। एक घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा चूरू में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 पर हुआ। ट्रक और कार के बीच भिड़ंत इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार आठ लोगों में से सात की मौके पर ही मौत हो गई। (जासं)

मजबूत उपग्रह डाटा संचार प्रणाली पोलनेट 2.0 सेवा शुरू

नई दिल्ली : केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार को यहां उन्नत पोलनेट 2.0 सेवा की शुरुआत की। इससे देश में पुलिस संचार सेवाएं मजबूत होने की संभावना है। नए प्लेटफॉर्म पर शक्तिशाली मल्टीमीडिया सुविधाएं हैं और यह एक उपग्रह आधारित नेटवर्क है जो देशभर में खासतौर पर आपदाओं की स्थिति में वीडियो, ऑडियो और डेटा कनेक्टिविटी मुहैया कराएगा। यह ऐसे समय में कारगर होगा जब नियमित संचार सेवाएं ठप हो जाती हैं। (प्रेट्र)

ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

मुंबई : अंधेरी में दो लोगों मुदासर हारुन मकंदर और आश्लेय ग्लेन डिसूजा को फर्जी कॉल सेंटर चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह कॉल सेंटर ऑनलाइन सस्ती दवा बेचने के नाम पर अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी कर रहा था। गुप्त सूचना पर सक्रियता बरतते हुए अपराध शाखा की टीम सुमेर प्लाजा के तीसरे माले पर पहुंची और फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। (प्रेट्र)

मुंबई में दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

मुंबई : अंधेरी में दो बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों भारत में गैरकानूनी रूप से रह रहे थे। गिरफ्तार अकबर उसेन रहमतुल्ला हुसैन शेख और जोहुरुल इस्लाम गुलाब रहमान हुसैन अंधेरी (पूर्व) में पिछले दो साल से रह रहे थे। (प्रेट्र)

पाकिस्तान ने हीरानगर में की गोलीबारी

हीरानगर : पाक सेना आतंकियों की घुसपैठ करवाने के लिए एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारतीय सेना और रिहायशी क्षेत्रों को लगातार निशाना बना कर गोलाबारी कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने रविवार शाम को साढ़े दस बजे के बाद जम्मू संभाग के हीरानगर सेक्टर में कई गांवों को निशाना बनाते गोलाबारी की। (जासं)

जेपी नड्डा के हाथ भाजपा की कमान

सर्वसम्मति से चुने गए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, तीन साल में कई चुनौतियों से होना पड़ेगा रूबरू

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा की कमान अब जगत प्रकाश नड्डा के हाथ में सौंप दी गई है। सर्वसम्मति से तीन साल के लिए उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। महज तीस साल के संघर्ष में सामान्य कार्यकर्ता से शीर्ष नेतृत्व तक की यात्रा जहां बड़ी उपलब्धि है, वहीं अब तक के सबसे सफलतम पूर्व अध्यक्ष अमित शाह की उपलब्धियों को संभालना व बढ़ाना एक बड़ी चुनौती भी है। रोचक इसलिए है, क्योंकि नड्डा की पहली परीक्षा अगले एक पखवाड़े में ही शुरू हो जाएगी और अगले तीन साल तक डेढ़ दर्जन राज्यों में परखी जाएगी। चुनौती इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि इनमें से 11 राज्य भाजपा और राजग के पास ही हैं जिसे दोहराने का दबाव होगा।

सोमवार को अध्यक्ष पद पर चुनाव के साथ ही नड्डा ने भाजपा की उस परंपरा को जीवित रखा जिसके तहत किसी खास परिवार से जुदा एक कार्यकर्ता ही अध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन हुआ। औपचारिक चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी समेत कई केंद्रीय मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों ने नड्डा के नामांकन के पक्ष में समर्थन किया। अन्य दावेदार न होने की स्थिति में नामांकन का वक्त खत्म होते ही वह अध्यक्ष चुन लिए गए। जोशीले कार्यकर्ताओं के नारों, हिमाचल प्रदेश से आए नर्तकों, ढोल-नगाड़ों के बीच केंद्रीय चुनाव अधिकारी राधामोहन सिंह ने सभी की मौजूदगी में नड्डा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर चुनाव की घोषणा की। अमित शाह ने पीठ थपथपाकर उत्साहवर्द्धन किया। हालांकि कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नड्डा ने छह महीने में महाराष्ट्र, हरियाणा व झारखंड चुनाव को नजदीक से देखा है, लेकिन बतौर अध्यक्ष दिल्ली चुनाव उनका पहला संग्राम होगा।

नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में सोमवार को सर्वसम्मति से भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जेपी नड्डा को बधाई देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह (दाएं) और बाएं से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व वयोवृद्ध नेता लाल कृष्ण आडवाणी भी मौजूद थे • ध्रुव कुमार

> जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। वह पार्टी से जो चाहेंगे हम वह करेंगे।
> – नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

> प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नड्डा जी के नेतृत्व में भाजपा और भी मजबूत होगी तथा इसका विस्तार होगा।
> –अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

लंबे समय के लिए आई है भाजपा : प्रधानमंत्री मोदी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेपी नड्डा को मिली नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आगाह भी किया कि अब चुनौतियां ज्यादा हैं इसलिए और सतर्क व सक्रिय रहने की जरूरत है। परोक्ष रूप से विपक्षी दलों को निशाने पर लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनावी राजनीति में जिनको जनता ने नकार दिया है वे भ्रम और झूठ फैला रहे हैं, उनका इकोसिस्टम इसे हवा दे रहा है। ऐसे समय में भाजपा का जनसंवाद और सटीक होना चाहिए। जनता की जो अपेक्षाएं हैं उसे पूरा करने का और प्रयास होना चाहिए। भाजपा यहां कम समय के लिए नहीं आई है बल्कि लंबे समय तक देश की सेवा करेगी। जेपी नड्डा के अध्यक्ष चुने जाने के बाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा, 'जब हम विपक्ष में थे उससे ज्यादा चुनौतियों का सामना अब करना पड़ेगा। चुनावी राजनीति को ज्यादा बड़ी चुनौती नहीं मानता हूं।

नड्डा ने मंत्री पद छोड़ चुना था संगठन, अब संभाली कमान

जासं, शिमला : भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दस साल पहले हिमाचल सरकार में कैबिनेट मंत्री पद का मोह छोड़कर संगठन में जाने का फैसला लिया था। अब उन्होंने संगठन की कमान संभाल ली है। वर्ष 2009 में प्रदेश में भाजपा सरकार ने नड्डा को वन विभाग का जिम्मा दिया था। वन मंत्री होने के बावजूद वह अपनों से ही सियासी जंग में उलझे हुए थे। राजनीति में सरकार में रहने को ही सबसे बड़ी सफलता माना जाता है। इसके बावजूद जेपी नड्डा ने सरकार को छोड़कर संगठन को चुना था। उस समय कुछ सियासतदारों ने कहा था कि हिमाचल की राजनीति में नड्डा का दखल अब खत्म हो गया है। वहीं, संगठन में बेहतर पकड़ के कारण ही वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में नड्डा काफी सक्रिय रहे। प्रदेश में टिकट वितरण से लेकर मुख्यमंत्री पद पर किसकी तैनाती होनी है, इसमें भी उनकी अहम भूमिका रही।

पहाड़ों पर बर्फबारी और दिल्ली में आज हो सकती है बारिश

जेएनएन, नई दिल्ली : उत्तर भारत में बर्फबारी ने पहाड़ों और तेज हवा ने मैदानी इलाकों में ठंड को एक बार फिर से बढ़ा दिया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के ज्यादातर जिले भीषण ठंड की चपेट में हैं। बर्फीली हवा के कारण दिल्ली का अधिकतम तापमान पांच डिग्री तक गिर गया है। मंगलवार को बारिश होने की संभावना है। इससे न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आएगी। मौसम विभाग की मानें तो पूरे सप्ताह ठिठुरन और कोहरे का प्रकोप बना रहेगा।

सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। दोपहर बाद हल्की धूप निकली, लेकिन ठंडी हवा के कारण गलन की स्थिति बनी रही।

मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है। शाम में हल्की बारिश भी हो सकती है। बारिश के बाद मौसम कुछ साफ होगा, लेकिन ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है।

पहाड़ों में जारी रहेगी बर्फबारी : बारिश और बर्फबारी के बाद उत्तराखंड कड़ाके की शीत की चपेट में है। चमोली के जोशीमठ और कुमाऊं के मुक्तेश्वर में पारा शून्य से नीचे है, जबकि टिहरी और अल्मोड़ा में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। इस बीच बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की चोटियों में हल्की बर्फबारी हुई, जबकि निचले स्थानों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार को भी राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला जारी रहेगा।

घर पहुंचा बर्फबारी में फंसा जवान, जल्द बजेगी शहनाई

श्रीनगर में बर्फबारी के कारण अपनी शादी में न पहुंच पाने वाला सेना का जवान सुनील कुमार सोमवार देर शाम अपने घर खैर परडाना पहुंच गया। इससे घर में खुशी का माहौल है। सुनील कुमार की शादी 15 जनवरी को तय थी। लेकिन बर्फबारी में फंसने की वजह से घर नहीं पहुंच पाया था। इससे दोनों पक्ष के लोगों को शादी स्थगित करनी पड़ी थी। सुनील कुमार के सकुशल पहुंचने पर स्वजनों ने राहत की सांस ली है। स्वजन अब शादी की नई तारीख तय करने में जुट गए हैं।

सिख दंगा पीड़ितों के वकील को धमकी

जासं, नई दिल्ली : 1984 के सिख दंगा पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फूलका को जान से मारने की धमकी मिली है। इस पर राउज एवेन्यू की एक अदालत ने सीबीआइ से 11 फरवरी तक जवाब मांगा है। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजोत सिंह भल्ला ने सीबीआइ को कहा है कि इस बारे में 11 फरवरी तक जवाब दाखिल करें। अदालत उन दंगों से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर आरोपित हैं।

वहीं धमकी के बाद फूलका ने कहा कि यह सब मुझे विचलित नहीं कर सकता। 35 साल की लड़ाई के दौरान कई बार इस तरह की धमकियां मिली हैं। यह मामला उत्तरी दिल्ली के गुरुद्वारा पुलबंगश में हुए दंगों से संबंधित है, जहां तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के एक दिन बाद 1 नवंबर, 1984 को तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी। बादल सिंह, ठाकुर सिंह और गुरुचरण सिंह की हत्या के मामले में पहले क्लोजर रिपोर्ट आई थी, लेकिन बाद में फिर से जांच का आदेश हुआ था।

निर्भया के दोषी पवन की याचिका सुप्रीम कोर्ट में भी खारिज

अदालत ने कहा, हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है, एक फरवरी को फांसी देने के लिए जारी हो चुका है डेथ वारंट

नई दिल्ली, प्रेट्र : सुप्रीम कोर्ट ने निर्भया सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले में मौत की सजा पाने वाले चार दोषियों में एक पवन कुमार गुप्ता का यह दावा खारिज कर दिया कि अपराध के समय वह नाबालिग था। पवन ने याचिका दायर कर खुद के नाबालिग होने का दावा ठुकराने के दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। जस्टिस आर भानुमति, अशोक भूषण व एएस बोपन्ना की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के बाद खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट का फैसला बरकरार रखा।

पवन गुप्ता की फाइल फोटो

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में हाई कोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है, जिसमें पवन की याचिका अस्वीकार की गई। अदालत ने कहा कि निचली अदालत और उच्च न्यायालय ने उसके इस दावे को एकदम सही ठुकराया है। पवन के वकील एपी सिंह ने कहा कि विद्यालय छोड़ने के प्रमाणपत्र के अनुसार अपराध के समय वह नाबालिग था। निचली अदालत और हाई कोर्ट ने उसके इस दस्तावेज पर विचार ही नहीं किया। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पवन के नाबालिग होने के दावे का प्रत्येक न्यायिक मंच पर विचार किया गया। यह न्याय के साथ मजाक होगा यदि एक दोषी को बार-बार अपने नाबालिग होने का मुद्दा उठाने की अनुमति दी जाए। मेहता ने कहा कि अपराध के समय पवन 19 साल का था। इस संबंध में उसका जन्म प्रमाणपत्र और स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र है, जिसे प्रत्येक न्यायिक मंच पर रिकार्ड में लाया गया। पवन ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट अदालत में याचिका दायर की थी। इसमें उसने नाबालिग होने का दावा ठुकराने के हाई कोर्ट के निर्णय को चुनौती दी थी।

छठे दिन खुला मां वैष्णो देवी का बैटरी कार मार्ग

जासं, कटड़ा : जम्मू-कश्मीर में बीते 15 जनवरी को भूस्खलन के कारण बंद हुआ बैटरी कार मार्ग छठे दिन सोमवार को खुला। इसके साथ ही बैटरी कार सेवा भी सुचारु हो गई। बैटरी कार मार्ग खुलते ही श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। बीते 15 जनवरी को मूसलधार बारिश और खराब मौसम के चलते बैटरी कार मार्ग पर पंछी कॉलोनी क्षेत्र में भारी भूस्खलन हो गया था। इससे यात्रा मार्ग पर बना शेड क्षतिग्रस्त हो गया था और तीन श्रद्धालु भी घायल हो गए थे। इसके बाद श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए बैटरी का मार्ग बंद कर दिया था। मार्ग पर पड़े मलबे को हटाने के साथ ही क्षतिग्रस्त शेड को ठीक करने का काम चल रहा था। बीच-बीच में खराब मौसम लगातार बाधा बना रहा। आखिरकार छठे दिन इस मार्ग को पूरी तरह साफ करने और क्षतिग्रस्त शेड को ठीक करने के बाद सोमवार सुबह 9:00 बजे मार्ग को खोल दिया गया। सोमवार को सुबह धूप खिली रही। उसके बाद एकाएक आसमान पर घने बादलों का जमघट लग गया और ठंडी हवाएं चलती रहीं। लेकिन श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवाकर वैष्णो देवी भवन की ओर आगे बढ़ते रहे।

मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड में ब्रजेश ठाकुर समेत 19 लोग दोषी करार

28 जनवरी को सभी दोषियों की सजा पर बहस होगी

जासं, नई दिल्ली : बिहार के बहुचर्चित मुजफ्फरपुर बालिकागृह कांड में साकेत कोर्ट ने सोमवार को मुख्य अभियुक्त ब्रजेश ठाकुर समेत कुल 19 लोगों को पॉक्सो अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में दोषी करार दिया। दोषियों में बालिकागृह के कर्मचारी व सामाजिक कल्याण विभाग, बिहार के अधिकारी भी शामिल हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. सौरभ कुलश्रेष्ठ ने एक आरोपी विक्की कुमार को दोषमुक्त कर दिया है। 28 जनवरी को दोषियों की सजा पर बहस होगी। दोषियों में 11 पुरुष और आठ महिलाएं हैं। ब्रजेश ठाकुर, रवि कुमार रोशन, दिलीप वर्मा व विजय तिवारी को दुष्कर्म व सामूहिक दुष्कर्म का भी दोषी पाया गया है।

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज की रिपोर्ट के उजागर होने के बाद मई 2018 में मुजफ्फरपुर जिले में सरकारी सहायता प्राप्त बालिकागृह में कई बच्चियों से दुष्कर्म व यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई की और राज्य सरकार की सिफारिश पर सीबीआइ को जांच सौंपी थी। गत 23 फरवरी से ही इस मामले की साकेत कोर्ट में नियमित सुनवाई चल रही थी। उसी दिन आरोपितों को कड़ी सुरक्षा में दिल्ली लाया गया था। सीबीआइ ने 21 आरोपितों के खिलाफ पर चार्जशीट दाखिल की थी। ब्रजेश ठाकुर को मुख्य आरोपित बनाया था। दोषियों को सजा सुनाने के लिए पहले 14 नवंबर, 12 दिसंबर 2019 व 14 जनवरी, 2020 को फैसले की तारीख तय की गई थी लेकिन अलग-अलग कारणों से फैसला टलता रहा था। सीबीआइ के लोक अभियोजक एडवोकेट अमित जिंदल ने कहा कि पीड़ितों को न्याय मिला है। वहीं, कुछ आरोपितों की पैरवी करने वाले एडवोकेट धीरज कुमार सिंह व एडवोकेट सुधीर कुमार ओझा ने बताया कि टीआइएसएस की रिपोर्ट और लड़कियों के बयानों में विरोधाभास पाया गया है। इसलिए हम फैसले का अध्ययन कर हाई कोर्ट में अपील करेंगे। दोषियों में शामिल रोजी रानी करीब नौ माह तक जेल में थी। यानी पॉक्सो की धारा 21 (1) के तहत न्यूनतम सजा छह माह की सजा काट चुकी है।

ये हैं दोषी : ब्रजेश ठाकुर, इंदु कुमारी, मीनू देवी, मंजू देवी, चंदा देवी, नेहा कुमारी, हेमा मसीह, किरण कुमारी, रवि कुमार रोशन, विकास कुमार, दिलीप कुमार वर्मा, विजय कुमार तिवारी, गुड्डू कुमार पटेल, किशन राम उर्फ कृष्णा, रोजी रानी, डॉ. अश्विनी उर्फ आसमानी, रामानुज ठाकुर, रामाशंकर सिंह व साइस्ता परवीन उर्फ मधु।

मुजफ्फरपुर में हुए बालिका गृह यौन उत्पीड़न कांड का मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर 26 जुलाई 2018 को कोर्ट में पेशी के लिए ले जाते वक्त मुस्कराता हुआ • फाइल फोटो

वाड्रा की जमानत रद करने की मांग पर सुनवाई टली

जासं, नई दिल्ली : विदेश में संदिग्ध संपत्ति के मामले में फंसे उद्यमी रॉबर्ट वाड्रा की अग्रिम जमानत को रद करने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनवाई 11 फरवरी तक के लिए टाल दी। ईडी ने निचली अदालत द्वारा दी गई अग्रिम जमानत को रद करने की मांग करते हुए वाड्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत बताई है। ईडी ने वाड्रा के करीबी मनोज अरोड़ा को दी गई अग्रिम जमानत को भी चुनौती दी है। एक अप्रैल 2019 को पटियाला हाउस के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने रॉबर्ट वाड्रा को पांच लाख रुपये के निजी मुचलके पर सशर्त जमानत दी थी। लंदन में एक फ्लैट को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने वाड्रा के करीबी सहयोगी मनोज अरोड़ा के खिलाफ केस दर्ज किया था। ईडी का आरोप है कि यह फ्लैट मनोज अरोड़ा के बजाय वाड्रा का है और यह हथियार डीलर संजय भंडारी से 2010 में खरीदा गया था।

शीर्ष पदों पर नियुक्त किए गए दो कृषि वैज्ञानिक

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के विभिन्न अनुसंधान संस्थानों के निदेशकों के साथ ही परिषद के रिक्त उप महानिदेशकों के पदों को भरने की प्रक्रिया तेज हो गई है। आइसीएआर में क्रॉप साइंस के उप महानिदेशक पद और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आइएआरआइ) के निदेशक के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उप महानिदेशक पद पर जहां डॉक्टर तिलकराज शर्मा नियुक्त किए गए, वहीं पूसा के आइएआरआइ के निदेशक पद पर डॉक्टर अशोक कुमार सिंह चुने गए हैं।

आइसीएआर के इन दोनों अहम पदों के लिए पिछले सप्ताह ही साक्षात्कार कराए गए थे। कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) की ओर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक, 30 जनवरी तक सभी अहम आठ पदों पर नियुक्ति कर ली जाएगी। पूसा संस्थान के निदेशक पद के लिए 15 जनवरी को कराए साक्षात्कार में कुल 10 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था। यह पद पिछले ढाई वर्षों से रिक्त था, जिसके चलते यहां कामचलाऊ निदेशक नियुक्ति थे।

व्यवस्था गत वर्ष आरक्षण लागू करने में जताई थी असमर्थता

एम्स में आर्थिक आरक्षण लागू एमबीबीएस की सीटें बढ़ेंगी

रणविजय सिंह • नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में नए सत्र के लिए मेडिकल स्नातकोत्तर में दाखिले के साथ ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) आरक्षण लागू हो गया है। इस वजह से संस्थान में एमबीबीएस के दाखिले में भी आर्थिक आरक्षण लागू होने का रास्ता साफ हो गया है। नए शैक्षणिक सत्र से यह व्यवस्था दिल्ली सहित देशभर के सभी एम्स में लागू होगी। खास बात यह है कि एम्स में इस बार एमबीबीएस की 25 फीसद सीटें भी बढ़ेंगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले साल ही सभी मेडिकल कॉलेजों को आर्थिक आरक्षण को लागू करने का निर्देश दिया था, लेकिन तब एम्स ने यह व्यवस्था लागू करने में असमर्थता जताई थी। दरअसल, ईडब्ल्यूएस आरक्षण के तहत शिक्षण संस्थानों में सीटें बढ़ाने का भी प्रावधान है। इस वजह से एम्स ने मंत्रालय से कहा था कि संसाधनों की कमी के चलते वह शैक्षणिक सत्र 2019-20 में आर्थिक आरक्षण को लागू करने में सक्षम नहीं है। इस वजह से एम्स सहित कुछ अन्य संस्थानों को पिछले साल इसे लागू करने से छूट दी गई थी। पिछले साल दिल्ली एम्स ने देशभर के 15 एम्स में करीब 1200 सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा ली थी।

सभी एम्स के बेहतर संचालन के लिए गठित केंद्रीय इंस्टीट्यूट बॉडी (सीआइबी) की बैठक में इस साल आर्थिक आरक्षण को अनिवार्य रूप से लागू करने का फैसला किया गया। इसके लागू होने के बाद इस साल एमबीबीएस की 10 फीसद सीटों पर ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत दाखिले होंगे। एम्स में एमबीबीएस की 107 सीटें हैं, जिनमें सात सीटें विदेशी छात्रों के लिए निर्धारित हैं।

ਦਫਤਰ ਇੰਮਪਰੂਵਮੈਂਟ ਟਰੱਸਟ ਜਲੰਧਰ

ਆਮ ਸੂਚਨਾ

ਇਸ ਨੋਟਿਸ ਦੁਆਰਾ ਹਰ ਆਮ ਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਫਲੈਟ ਨੰ. 47-ਜੀ.ਐਫ ਵਿਕਾਸ ਸਕੀਮ 10.85 ਏਕੜ, (ਸਰਸਵਤੀ ਵਿਹਾਰ), ਜਲੰਧਰ ਜੋ ਕਿ ਟਰੱਸਟ ਰਿਕਾਰਡ ਵਿੱਚ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਗੁਰਮੇਜ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਮਹਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਹੈ। ਇਹਨਾਂ ਨੇ ਉਕਤ ਫਲੈਟ ਦਾ ਮੁਖਤਾਰਨਾਮਾ ਆਮ ਸ੍ਰੀ ਸੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਮਹਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪਨੇਸਰ ਨੂੰ ਮੁਕੱਰਰ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਸ੍ਰੀ ਸੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਮਹਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪਨੇਸਰ ਵਲੋਂ ਉਕਤ ਫਲੈਟ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਸ੍ਰੀ ਜਸਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਮੁਖਤਾਰਨਾਮਾ ਆਮ ਹੋਣ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਕਰਨ ਲਈ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਹੈ।

ਇਸ ਲਈ ਜੇਕਰ ਫਲੈਟ ਨੰ. 47-ਜੀ.ਐਫ. ਵਿਕਾਸ ਸਕੀਮ 10.85 ਏਕੜ, (ਸਰਸਵਤੀ ਵਿਹਾਰ), ਜਲੰਧਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਗੁਰਮੇਜ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਮਹਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਦੇ ਨਾਮ ਤੋਂ ਬਦਲ ਕੇ ਸ੍ਰੀ ਜਸਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਮੁਖਤਾਰ ਆਮ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਕਰਨ ਵਿੱਚ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਇਸ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਦੇ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਿਤ ਹੋਣ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਇਸ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਪੇਸ਼ ਕਰੇ।

ਕਾਰਜ ਸਾਧਕ ਅਫਸਰ,
ਜਲੰਧਰ ਇੰਮਪਰੂਵਮੈਂਟ ਟਰੱਸਟ।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492-099

No. Admin/Recruitment/SR/Dentistry/2020/AIIMS.RPR/741 दिनांक 20-01-2020

भर्ती सूचना

एम्स रायपुर, भारतीय रेजीडेंसी योजना के अंतर्गत भारतीय नागरिको से डेंटिस्ट्री विभाग (ओरल एंड मैक्सीलोफेसिअल सर्जरी एंड प्रोस्थोडोंटिक्स) में सीनियर रेसिडेंट्स [कुल पद -04 (अ.ना.-01, अ.पि.व.-02, अ. जा.- 01)] पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। वेतन 67700/- (स्तर-11, खंड 1, सातवें सीपीसी के अनुसार) प्रतिमाह एवं एनपीए (यदि लागू हो) सहित अधिमान्य भत्ते प्रदान किए जाएंगे। आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण एम्स रायपुर की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in पर 20.01.2020 (प्रातः 11.00 बजे) से 10.02.2020 (सायं 5.00 बजे) तक उपलब्ध होगा।

इन पदों की पात्रता मानदंड, आवेदन पत्र, नियम और शर्तों के लिए कृपया एम्स की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in का अवलोकन करें। इस विज्ञापन से संबंधित सभी अधिसूचनाएं, संशोधन, शुद्धिपत्र आदि (यदि कोई होगा) केवल एम्स रायपुर की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का नियमित अवलोकन करें।

-निदेशक, एम्स रायपुर

पंजाब स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड
(राज्य सरकार का एक उपक्रम)
PUNSUP पंजीकृत कार्यालय -एससीओ सं. 36-40, सेक्टर-34-ए, चंडीगढ़-160022
फैक्स सं. 0172-2667133, 2666495 केवल पनसप

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना सं. एडमिन-1 दिनांक 21.01.2020

पंजाब स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड (पनसप) की ओर से मैनपावर की नियुक्ति के लिए श्रम सूचना की विस्तृत शर्तें एवं प्रतिबंधों के लिए वेबसाईट punjab.gov.in एवं www.http://eproc.punjab.gov.in देखें। (22.01.2020 से)
शुद्धिपत्र यदि कोई हुआ, केवल वेबसाईट पर ही जारी किया जाएगा।

C-8659 प्रबंध निदेशक

(I)
पंजाब सरकार
लोनिवि भ एवं म शाखा
निविदा पुनः आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या 179-190 दिनांक 17.01.2020

कार्यकारी अभियंता, निर्माण मंडल सं. 1, लोनिवि भ एवं म शाखा कपूरथला नगर निगम सीमा फगवाड़ा में विभिन्न वार्डों में सीस फ्लोरिंग प्रदान करने व बिछाने के कार्य हेतु पंजाब लोनिवि भ एवं म के साथ सूचीबद्ध पात्र बोलीदाताओं से बोलियां पुनः आमंत्रित करता है। बोलियां आमंत्रण सूचना की विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु 17.01.2020 को सायं 1.00 बजे वेबसाईट http://eprocpbpwd.gov.in का संदर्भ लें।
शुद्धिपत्र, यदि कोई हुआ केवल वेबसाईट पर जारी किया जाएगा।

कार्यकारी अभियंता
निर्माण मंडल सं. 1,
D-8365 लोनिवि भ एवं म शाखा, कपूरथला

SUPER SPECIALITY PAEDIATRIC HOSPITAL & POST GRADUATE TEACHING INSTITUTE
SECTOR- 30 NOIDA, GAUTAM BUDH NAGAR, U.P. (INDIA)- 201303
(An Autonomous Body Under Govt. of UP)
Website- www.ssphpgti.ac.in; E-Mail- sspginoida@gmail.com

Advt. No. SSPHGPGTI/MOS/2020/01 Date- 19.01.2020

CORRIGENDUM

This is in reference to the Notice Inviting Tender- Advt. No. SSPHGPGTI/MOS/2019/23; Dated- 31.12.2019 for Supply of Medical Equipment from eligible bidders. The revised schedule for tender process is as under:-

1. The Tender document shall be made available on E-Tender Portal from latest by 22.01.2020.
2. The last date and time for submission of online bids, EMD and Tender Fee for all the tenders shall be 22.02.2020 till 04:00 PM.
3. The date for downloading Technical Bid of all the tenders shall be 25.02.2020.
4. All further communications (notification/corrigendum/addendum) and the date and time for downloading the Financial Bid shall be uploaded on the website and e-tender portal only from time to time.

DIRECTOR

सिविल अस्पताल, आनंदपुर साहिब विभाग की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए कुटेशन आमंत्रित की जाती है

सिविल अस्पताल, श्री आनंदपुर साहिब में विभिन्न प्रकार के सर्जीकल मैटीरियल, किटों, दवाईयां, उपभोज्य सैनेटरी प्रिंटिंग, वाशिंग एवं अन्य कल्याण समिति के अधीन मैटीरियल/इक्युपमेंट, स्पिल्ट एसी, प्रिंटिंग, स्टेशनरी, सीसीटीवी कैमरे आदि की खरीद के लिए कुटेशन आमंत्रित की जाती है। वस्तुओं का विवरण, सूची एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस को दिनांक 03.02.2020 को दोप. 12.00 बजे तक अपनी फर्म के लैटर हैड पर आवेदन देकर लिए जा सकते हैं। कुटेशनें दिनांक 03.02.2020 को सायं 4.00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए।

सीनियर मैडिकल अधिकारी इंज.
D-8357 सिविल अस्पताल, श्री आनंदपुर साहिब

पंजाब सरकार
निविदा/आरएफपी संदर्भ संख्या 194 दिनांक 20.01.2020
जलापूर्ति विभाग एवं स्वच्छता मंडल खन्ना

अनुमोदित विनिआसू के अनुसार पीआरडब्ल्यूएसएसआईपी (सब कम्पोनेंट 1-ए (III)/एनआरडीडब्ल्यूपी के अधीन) के अंतर्गत गांव खानपुर मंड, ब्लॉक श्री माछीवाड़ा साहिब, जिला लुधियाना की जलापूर्ति योजना में डीडब्ल्यूएसएस डिजाईन प्लिंथ सुरक्षा के अनुसार 150 एमएम आई/डी क्षमता वाले ट्यूबवैल गहराई 150 मीटर तक, पम्प चैंबर, पंपिंग मशीनरी, डिसइन्फैक्शन यूनिट प्रदान करना एवं स्थापित करना, राईजिंग मेन को बिछाना और 1 अदद ओएचएसआर वितरण प्रणाली का निर्माण और तीन महीनों में सभी तरह से पूर्ण ओ एवं एम।
समापन तिथि एवं समय 30.01.2020 को 15.00 बजे
विवरण हेतु लॉगऑन करें : http://eproc.punjuab.gov.in
टिप्पणी :- निविदा/आरएफपी सूचना का कोई शुद्धिपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा।
ई-निविदाकरण से संबंधित आगामी सहायता के लिए कृपया संपर्क करें :- 0172-2970263, 0172-2970284

हस्ता/-
अध्यक्ष जीपीडब्ल्यूएससी
गांव खानपुर मंड ब्लॉक माछीवाड़ा
D-8364 जिला लुधियाना

ऑनलाईन बोली आमंत्रण ई-निविदा सूचना

1. प्रबंध निदेशक, पीएसआईईसी की ओर से अधिशासी अभियंता-I, चंडीगढ़ निम्नलिखित तालिका में वर्णित कार्यों हेतु पात्र बोलीदाताओं से बोलियां पुनः आमंत्रित करते हैं। बोलियां एकमुश्त आधार पर होनी चाहिए। बोलीदाता निम्नलिखित परियोजना हेतु बोलियां प्रस्तुत करें :-

क्र. सं.	परियोजना/कार्य/कार्यों का नाम	बोली प्रतिभूति/धरोहर राशि (रु.)	दस्तावेज की लागत/निविदा शुल्क (रु.)	समापन अवधि	परियोजना/कार्यों की अनुमानित लागत (रु.)
1.	2	3	4	5	6
1.	गांव धनानसू जिला लुधियाना के मुख्य मार्ग से हाई-टैक साईकिल वैली के मार्ग के बुड्डा नाला पर उच्च स्तरीय आरसीसी पुल सिंगल स्पैन 16.50 मीटर का निर्माण।	रु. 2,50,000/-	10,000/-	6 माह	एकमुश्त आधार पर

2. ऑनलाईन निविदा की उपलब्धता अवधि/ऑनलाईन बोली प्रस्तुतीकरण की तिथि एवं समय तथा बोलियां खोलने की तिथि निम्ननिर्दिष्ट अनुसार हैं :-

बोली हेतु ऑनलाइन निविदा की उपलब्धता	बोलियों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण हेतु अंतिम तिथि एवं समय	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	
		तकनीकी बोली	वित्तीय बोली
21.01.2020	04.02.2020 को प्रातः 11.00 बजे	05.02.2020 को सायं 3.00 बजे	बाद में सूचित की जाएगी

* बोलियां आमंत्रण सूचना की विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाईट http://eproc.punjab.gov.in देखें।
* योग्य बोलीदाता, जिनके पास डीएससी (डिजिटल सिग्नेचर सर्टीफिकेट) नहीं है, अनुमोदित एजेंसियों से इसे जारी करवा सकते हैं तथा अन्य किसी पूछताछ हेतु हैल्पलाईन नं. 0172-2970263, 2970284 पर संपर्क करें।

टिप्पणी :- शुद्धिपत्र, यदि कोई हुआ केवल वेबसाईट अर्थात www.eproc.punjab.gov.in पर अपलोड किया जाएगा।

C-8662 अधिशासी अभियंता-I

WEST BENGAL
ESSENTIAL COMMODITIES SUPPLY CORPORATION LTD.
(A GOVT. OF WEST BENGAL UNDERTAKING)
11-A, Mirza Ghalib Street, Kolkata-700 087

Memo No.: ECSC/ICDS/2019-20/123/1367 Date: 20.01.2020

Sub :- E-Tender Cancellation Notice

In pursuance of the decision by competent authority, the E-Tender Documents Published vide Memo No. ECSC/ICDS/2019-20/1338, ECSC/ICDS/2019-20/1339, ECSC/ICDS/2019-20/1340 and ECSC/ICDS/2019-20/1341 dated : 20.12.2019 respectively are hereby cancelled due to administrative reasons.

Sd/-
Managing Director

कार्यालय : सीनियर मैडिकल अधिकारी इंच., सिविल अस्पताल, आनंदपुर साहिब

निविदा सूचना

सिविल अस्पताल, श्री आनंदपुर साहिब में कैंटीन एवं साईकिल को एक वर्ष के ठेके पर देने के लिए मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 28.01.2020 को सायं 04.00 बजे तक कार्यालय कमरा सं. 26, सिविल अस्पताल, श्री आनंदपुर साहिब में लिए जाएंगे एवं अगले दिन दिनांक 29.01.2020 को दोप. 12.00 बजे सीनियर मैडिकल इंच., सिविल अस्पताल, श्री आनंदपुर साहिब के कमरा सं. 1 में खोले जाएंगे। निविदा का प्रोफार्मा एवं शर्तें राशि 500/-रुपए (अलग-अलग तौर पर) देकर (अप्रतिदेय) किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय एस.एम.ओ. सिविल अस्पताल आनंदपुर साहिब से प्राप्त किए जा सकते हैं। इन दोनों की निविदा की राशि साईकिल स्टैंड के लिए कम से कम आरक्षित कीमत 70000/- रुपए एवं कैंटीन की ठेके की कम से कम आरक्षित कीमत 55000/- रुपए एक वर्ष की होगी। निविदा के साथ 5000/- रुपए की धरोहर राशि का सीनियर मैडिकल अधिकारी सिविल अस्पताल आनंदपुर साहिब के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट निविदा के साथ संलग्न किया जाए। अगर किसी कारण दिनांक 29.01.2020 को सरकारी अवकाश घोषित हो जाता है तो अगले कार्यदिवस को निविदा उसी तरह ही ली जाएगी एवं उसी तरह अगले दिन खोली जाएगी। निविदा को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। अगर शुद्धिपत्र हुआ तो वेबसाईट/मेल पर बता दिया जाएगा एवं सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित कर दिया जाएगा।

सीनियर मैडिकल अधिकारी इंज.
D-8358 सिविल अस्पताल, श्री आनंदपुर साहिब

AMRITSAR IMPROVEMENT TRUST
CORRIGENDUM

Due to administrative reasons dates of following tenders has been extended.
1. NIT No. 05/E-Tender/SE/LG-IT Amritsar/2019-20, Annual Maintenance of 110 meter and 170 Feet Hight Flag in Wagah Border Attari and Amrit Anand Park, Amritsar.
2. NIT No. 07/E-Tender/SE/LG-IT Amritsar/2019-20, Beautification of Road from Brijwasi Chat to Arora House (Rani ka Bagh).

Sr. No.	Tender closing date & time	Technical opening date & time
1	27.01.2020 at 15:00	27.01.2020 at 16:00

Other Terms and Conditions Remains Same.

—Sd— Trust Engineer, Amritsar Improvement Trust, Amritsar.
—Sd— Superintending Engineer, Amritsar Improvement Trust, Amritsar.

पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम लिमिटेड
(राज्य सरकार का उपक्रम)
18 हिमालय मार्ग, उद्योग भवन, सेक्टर-17ए, चंडीगढ़-160017
दूरभाष : 2702301-305, फैक्स : 2702039, ई-मेल : psiec_chd@yahoo.co.in

स्टार्टअप के लिए भारत बना विदेशियों की पहली पसंद

3376 विदेशी कंपनियों की संख्या बढ़कर इतनी हुई

भारत स्टार्टअप शुरू करने के लिहाज से विदेशियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। खास बात यह है कि कुछ कड़वे अनुभवों के बाद भी लोगों को यही देश पसंद आ रहा है। लिहाजा कई देशों के लोगों ने एक क्षेत्र में विफलता के बाद दोबारा वापसी की, खुद को साबित किया और मुकाम हासिल किया। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए भारत उतनी लाभप्रद जगह नहीं है। कॉरपोरेट मामलों से जुड़े मंत्रालय के मुताबिक पिछले चार सालों में विदेशी कंपनियों की संख्या 3363 से बढ़कर 3376 हुई है। नई दिल्ली और बेंगलुरु में सबसे ज्यादा ऐसी कंपनियां हैं।

विदेशी कंपनियों की बढ़ती संख्या



नोट : वे विदेशी कंपनियां जो किसी विदेशी द्वारा निजी या संस्थागत तौर पर पंजीकृत कराई गई हैं।

स्रोत : कारपोरेट मामलों संबंधी मंत्रालय

संख्या और मूल्य दोनों में हुई बढ़ोतरी

भारत में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप कंपनियों में 2019 में निवेश का कुल प्रतिशत सबसे ज्यादा बढ़ा है। इसमें सबसे ज्यादा निवेश दिल्ली–एनसीआर और बेंगलुरु में हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक भारत ने सौदों की संख्या तथा इनके मूल्य दोनों के लिहाज से बेहतर प्रदर्शन किया है। सबसे ज्यादा निवेश खाद्य और तकनीकी क्षेत्र में हुआ है।

ई-वाणिज्य में सबसे ज्यादा निवेश

ई–वाणिज्य श्रेणी 2019 में अधिक निवेश आकर्षित करने में सफल रही। इस श्रेणी की कंपनियों ने 2.2 अरब डॉलर के निवेश पाने में सफलता पाई। इस दौरान परिवहन एवं दुलाई व्यवस्था क्षेत्र की कंपनियों ने 2.4 अरब डॉलर और वित्त क्षेत्र की प्रौद्योगिकी कंपनियों ने 4.1 अरब डॉलर के निवेश जुटाए।

स्वरोजगार की खातिर स्टार्टअप

स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत में कुल 21 हजार 778 स्टार्टअप शुरू किए गए। वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआइआइ) की रिपोर्ट के अनुसार 2019 में भारत 52वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि साल 2015 में भारत की रैंकिंग 81 थी। इसी के चलते भारत विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआइपीओ) तथा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) के सहयोग से वैश्विक नवाचार सूचकांक जारी करने वाला पहला विकासशील देश बन गया है।

क्यों पसंद आता है भारत

- भारत के उपभोक्ता बाजार का आकार मशीनी योग्यता और कम पारिश्रमिक के चलते विदेशी निवेश के चलते बेहद उपयुक्त है।
- यहां बेरोजगारी अधिक है। लोग सस्ते दामों पर भी काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं।
- कई क्षेत्रों में काम करने की गुंजाइश है। खाद्य और तकनीकी में बहुत संभावनाएं हैं।
- कम लागत से भी कोई भी व्यापार शुरू किया जा सकता है।
- सरकार ने स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए कई तरीके की सहूलियतें मुहैया करा रखी हैं।

यूनिटेक पर सरकार का प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट से मंजूर

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने वित्तीय संकट में फंसी रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक लिमिटेड की अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने संबंधी सरकार के शुरुआती प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। प्रस्ताव के मुताबिक सरकार ने कंपनी के प्रबंधन को निरस्त करते हुए इसका नया प्रबंधन अपने हाथों में ले लिया है। कंपनी का नया प्रबंधन आइएएस अधिकारी वाईएस मलिक को सौंपा गया है। प्रबंधन में जाने-माने रियल एस्टेट उद्योगपति निरंजन हीरानंदानी भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा बोर्ड सदस्य नए बोर्ड का हिस्सा नहीं होंगे। कोर्ट ने यूनिटेक ग्रुप के संस्थापक रमेश चंद्रा को बोर्ड में शामिल होने की अनुमति भी नहीं दी है। अदालत ने कहा कि अभी इसके लिए सही समय नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने नए बोर्ड को यूनिटेक की अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने पर ठोस प्रस्ताव देने के लिए दो महीने का समय दिया है। हालांकि हीरानंदानी का कहना है कि एक महीने में ही इस संबंध में प्रस्ताव भेज दिया जाएगा और दो महीने में काम भी शुरू कर दिया जाएगा। (ब्यूरो)

हलवा समारोह

आम बजट का इंतजार सभी को रहता है। इसी क्रम में बजट के डॉक्यूमेंटस की प्रिंटिंग से पहले हलवा समारोह होता है। नई दिल्ली में सोमवार को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण (सेंटर में) ने हलवा वितरित किया। इस मौके पर बाएं से वित्त सचिव राजीव कुमार, वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर और वित्त मामलों के सचिव अतनु चक्रवर्ती (सबसे दाएं) सहित वित्त मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित रहे। भारतीय परंपरा में नया काम शुरू करने से पहले मुंह मीठा कराया जाता है। यही वजह है कि बजट को प्रिंटिंग के लिए भेजने से पहले इस परंपरा का निर्वहन किया जाता है • प्रेट्र

पंजाब के बेजान इंडक्शन फर्नेस उद्योग में स्क्रैप नीति से ही आएगी जान

उद्योग को अपनी मांग का 50 फीसद से अधिक स्क्रैप आयात करना पड़ रहा

राजीव शर्मा • लुधियाना

- **पिछली सदी के सातवें दशक में औद्योगीकरण के दौर में बिजली सस्ती होने से प्रदेश में पंजाब में हुआ था इंडक्शन फर्नेस उद्योग स्थापित**
- **250 इंडक्शन फर्नेस इकाइयां प्रदेश में हैं, लगभग 20 हजार 6करोड़ रुपये के सालाना कारोबार वाली इंडस्ट्री पर संकट**

पंजाब के सेकेंडरी स्टील निर्माता यानी इंडक्शन फर्नेस उद्योग को उम्मीद है कि आम बजट में उद्योग को नई राहतें मिलेंगी। अर्थव्यवस्था की सुस्ती खत्म करने के उपाय होंगे और उद्योग जगत में ग्रोथ की नई राह खुलेगी। इंडक्शन फर्नेस उद्योग का कच्चा माल स्क्रैप यानी कबाड़ है। देश में स्क्रैप की भारी कमी है। उद्योग को अपनी मांग का 50 फीसद से अधिक स्क्रैप आयात करना पड़ रहा है। ऐसे में उद्यमियों का तर्क है कि सरकार नई स्क्रैप नीति को अंतिम रूप दे, ताकि देश में स्क्रैप उपलब्ध हो। इससे इंडक्शन फर्नेस उद्योग के समक्ष कच्चे माल की किल्लत दूर हो जाएगी। इसके अलावा देशभर में बिजली की दर एकसमान करने की दिशा में कदम उठाए जाएं और खुले बाजार से बिजली खरीदने की उद्योग जगत को इजाजत मिले।

उद्यमियों के अनुसार प्रदेश में इंडस्ट्री पर खतरा मंडरा रहा है। स्क्रैप के अभाव में उद्यमी केवल 12 घंटे ही इकाइयां चला पा रहे हैं। इंडस्ट्री की कनवर्जन लागत भी नहीं निकल पा रही है। फिलहाल इंडस्ट्री को प्रति टन छह हजार रुपये कनवर्जन चार्जेज मिल रहे हैं, जबकि यह रकम कम से कम सात हजार रुपये होनी चाहिए।

आयात पर कस्टम ड्यूटी खत्म हो : ऑल इंडिया इंडक्शन फर्नेस एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट देव गुप्ता के अनुसार देश में मांग के अनुसार स्क्रैप उपलब्ध नहीं है और सरकार ने स्क्रैप के आयात पर ढाई फीसद कस्टम ड्यूटी लगा रखी है। बजट में इस ड्यूटी को तुरंत खत्म करने की जरूरत है। बिजली पर ड्यूटी समेत कई टैक्स लग रहे हैं, इनका जीएसटी में रिफंड नहीं मिलता। सरकार बिजली पर बाकी टैक्स खत्म कर इसे जीएसटी के दायरे में लाए। इससे इंडस्ट्री की लागत में कमी आएगी। साथ ही पेट्रोल-डीजल को भी जीएसटी में शामिल किया जाए।

खुले बाजार से बिजली खरीद की मंजूरी मिले : इंडक्शन फर्नेस एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ इंडिया के प्रेसिडेंट केके गर्ग का कहना है कि इंडस्ट्री को खुले बाजार से बिजली खरीदने की इजाजत दी जाए। इससे इंडस्ट्री अपनी मर्जी से सस्ती बिजली खरीद सकेगी। नतीजतन उत्पादन लागत में कमी आएगी। सरकार नई स्क्रैप नीति को शीघ्र ही लागू करे। स्क्रैप की दिक्कत को दूर करने के लिए यह अनिवार्य हो गया है। स्क्रैप करने का प्लांट लुधियाना या मंडी गोबिंदगढ़ में लगाया जाए।

आयकर की दर समान हो : इंडक्शन फर्नेस एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ इंडिया के फाइनेंस सेक्रेटरी अमरजीत सिंह डंग का तर्क है कि इंडस्ट्री अपनी मांग का 50 फीसद से अधिक स्क्रैप आयात कर रही है। विदेशी बाजार में स्क्रैप महंगा है, इसलिए आयात काफी कम हो गया है। कच्चे माल की दिक्कत से इंडस्ट्री सिर्फ 12 घंटे ही चल पा रही है। इसके अलावा कॉरपोरेट, पार्टनरशिप एवं प्रोपराइटर कंपनियों के लिए आयकर की दर एक समान हो। इससे इंडस्ट्री के लिए प्रतिस्पर्धा करना आसान होगा।

हाट–बाजारों की पुरानी स्कीम को नया रंग देने की तैयारी

बजट से उम्मीदें

- **स्कीम को रफ्तार के लिए आम बजट में विशेष प्रावधान की संभावना**
- **बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं ग्रामीण हाट व बाजार**

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : हाट-बाजारों की पुरानी स्कीम ग्रामीण एग्रीकल्चरल मार्केट (ग्राम) को नये कलेवर में पेश करने की केंद्र सरकार की तैयारी है। कृषि उपज बेचने की सहूलियत के लिए किसानों के नजदीक तक मंडियों की सुविधा देने की दिशा में दो साल पहले यह स्कीम शुरू की गई थी। लेकिन यह रफ्तार नहीं पकड़ पाई, जिसे देखते हुए आगामी आम बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं। घोषित 22 हजार में से गिनती की मंडियों में ही मूलभूत सुविधाएं मुहैया हैं।

किसानों की आमदनी में सुधार के लिए सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में कई अहम घोषणाएं कर रखी थी, जिन्हें पटरी पर लाने के लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी है। इसी क्रम में उपज की बिक्री के लिए मंडियां विकसित करने की योजना 'ग्राम' से बड़ी उम्मीदें हैं। लेकिन इनका विकास न होने से इसका फायदा किसानों को नहीं मिल पा रहा है। इनमें राज्यों की भूमिका भी अहम है। मंडी कानून में सुधार के लिए राज्यों को कई तरह के प्रोत्साहन दिए जा सकते हैं। आम बजट में इसके लिए विशेष प्रावधान की संभावना है।

मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक अभी तक केवल 60 फीसद मंडियों का ही सर्वेक्षण हो सका है। इन दो वर्षों में केवल इन ग्रामीण बाजारों की जरूरतों को जानने की कोशिश की गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक 72 फीसद मंडियों में खुदरा कारोबार होता है, जबकि चार फीसद में केवल थोक व्यवसाय होता है। वहीं, 24 फीसद ऐसे ग्रामीण बाजार में थोक व खुदरा दोनों तरह के कारोबार होते हैं। इनमें से 69 फीसद साप्ताहिक बाजार लगते हैं, जबकि 11 फीसद रोजाना लगते हैं। 20 फीसद अन्य हैं। देश के 70 फीसद ग्रामीण बाजारों का मालिकाना हक स्थानीय निकायों के पास है।

सर्वेक्षण में पाया गया कि इन ग्रामीण हाट व बाजारों में मूलभूत सुविधाओं का नितांत अभाव है। पक्की सड़कों के जुड़े बाजार केवल 15 फीसद हैं, जबकि शौचालय केवल तीन फीसद बाजारों में हैं। 10 फीसद बाजारों में चारदीवारी का निर्माण किया गया है। चार फीसद बाजारों के पास ही गोदाम हैं। दरअसल, इन बाजारों को विकसित करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय की तमाम योजनाओं को इसमें लगा दिया गया, लेकिन तालमेल के अभाव में बहुत कुछ नहीं हो सका है।

ग्रामीण बाजारों को विकसित करने के साथ उन्हें मंडी कानून से अलग रखने की कवायद जारी है। केंद्र सरकार से बाबत अपील की है। माना जा रहा है कि आगामी बजट में अपनी मंडी कानून में सुधार करने वाले राज्यों के लिए कुछ प्रोत्साहन देने के प्रावधान किए जा सकते हैं।

टैक्स राहतों पर है स्टार्ट–अप्स की नजर

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : इनोवेशन और टेक्नोलॉजी की मदद से समाधान पेश कर रहे स्टार्ट-अप्स इस बजट को बड़ी उम्मीद की नजरों से देख रहे हैं। सरकार की तरफ से भी स्टार्ट-अप्स को मिल रहे फोकस से उम्मीद है कि इस बार बजट में इस क्षेत्र को आयकर के मामले में कुछ राहत मिल जाए।

स्टार्ट-अप कंपनियों का मानना है कि इस क्षेत्र के लिए टैक्स कंप्लायंस की व्यवस्था को सरल बनाने से उनके लिए कैश-फ्लो आसान हो जाएगा। स्टार्ट-अप के लिए पूंजी की समस्या दूर हो जाएगी और वे इस राशि का इस्तेमाल अपने विस्तार के लिए कर पाएंगे।

छोटे किराना और खुदरा दुकानदारों के बीच काम कर रहे ऐसे ही एक स्टार्ट-अप और बी2बी क्षेत्र की ई-कॉमर्स कंपनी उड़ान के सह-संस्थापक सुजीत कुमार कहते हैं, 'सरकार को औपचारिक और अनौपचारिक रोजगार के सृजन पर फोकस करना चाहिए। खासतौर पर एमएसएमई क्षेत्र में। सरकार को उन स्टार्ट-अप्स के लिए भी प्रोत्साहन के कदम उठाने चाहिए जो टियर-2 और टियर-3 शहरों की दिक्कतों का समाधान करने के क्षेत्र में काम कर रहे हैं।'

मुनाफावसूली पर सेंसेक्स 416 अंक टूटा

शेयर बाजार

- ब्लूचिप शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 41,528.91 के स्तर तक फिसला
- बैंकिंग शेयरों को उनके बढ़े एनपीए की वजह से झेलनी पड़ी गिरावट

मुंबई, प्रेट्र : दिग्गज शेयरों में मुनाफावसूली के चलते सप्ताह के पहले कारोबारी सत्र में घरेलू शेयर बाजारों पर दबाव देखा गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआइएल), कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक व टीसीएस जैसे ब्लूचिप स्टॉक्स में बिकवाली की वजह से सोमवार को बीएसई का 30-शेयरों वाला सेंसेक्स 416.46 अंक यानी 0.99 प्रतिशत फिसलकर 41,528.91 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के 50-शेयरों वाले निफ्टी में 127.80 अंक यानी 1.03 प्रतिशत की गिरावट आई। कारोबार के आखिर में निफ्टी 12,224.55 पर स्थिर हुआ।

दिन के कारोबार में सेंसेक्स पैक में सबसे ज्यादा 4.70 प्रतिशत की गिरावट कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में दर्ज की गई। आरआइएल, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस भी तीन प्रतिशत से ज्यादा फिसल गए। इन तीनों ने पिछले सप्ताह तिमाही नतीजे जाहिर किए थे। आरआइएल को रिकॉर्ड तिमाही मुनाफे के बाद निवेशकों ने कंपनी के शेयरों में मुनाफावसूली की। टीसीएस के नतीजों ने निवेशकों को निराश किया, जिसका असर सोमवार को उसके शेयरों में दिखा। सेक्टोरल इंडेक्स के मामले में बीएसई एनर्जी, बैंकेक्स, ऑयल व गैस, फाइनेंस, मेटल, आइटी और ऑटो में 2.67 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। हालांकि टेलीकॉम, रियल्टी, यूटिलिटीज और पावर इंडेक्स में लगभग दो प्रतिशत तक का उछाल दर्ज किया गया। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी सोमवार को 0.57 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई।

दिन के कारोबार के बारे में जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि सोमवार को शेयर बाजारों की चाल अधिकतर विश्लेषकों के अनुरूप ही थी। प्रमुख सूचकांक अपने सर्वकालिक उच्च स्तर के आसपास थे और ऐसे में निवेशकों का मुनाफावसूली करना बेहद सहज था। बाजार में अगले कुछ सत्रों तक थोड़े कंसोलिडेशन का यह दौर दिख सकता है। हालांकि अब तक आए तिमाही नतीजे बहुत ज्यादा उत्साहजनक नहीं रहे हैं, लेकिन इकोनॉमी की स्थिति सुधरने की तस्वीर पेश कर रहे हैं।

हालांकि वैश्विक बाजारों का रुख उतना नकारात्मक नहीं था। एशिया में शंघाई, टोक्यो और सियोल के बाजार बेहतर प्रदर्शन कर रहे थे, जबकि हांगकांग के शेयर बाजारों में सुस्ती थी।

इनमें गहमागहमी

कोटक महिंद्रा बैंक : चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कोटक महिंद्रा बैंक का एनपीए बढ़ जाने के चलते सोमवार को बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में सबसे ज्यादा गिरावट कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में ही दिखी। बीएसई में बैंक के शेयर 4.70 प्रतिशत टूटकर 1,618.05 और एनएसई में इसके शेयर 4.77 प्रतिशत फिसलकर 1,617 रुपये पर बंद हुए।

टीसीएस : चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के कमजोर नतीजों के चलते सोमवार को टीसीएस के शेयर बीएसई में 2.16 प्रतिशत टूटकर 2,170.25 रुपये के स्तर पर बंद हुए। एनएसई में भी कंपनी के शेयर दो प्रतिशत लुढ़ककर 2,174 रुपये पर ठहरे। वॉल्यूम के लिहाज से बीएसई में कंपनी के 2.14 लाख शेयरों की खरीद-फरोख्त हुई।

एचडीएफसी बैंक : चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एनपीए बढ़ जाने के चलते निवेशक सोमवार को बैंक के शेयरों से दूरी बनाते दिखे। कारोबार के आखिर में बैंक के शेयर बीएसई पर 1.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,254.90 रुपये और एनएसई पर 1.62 प्रतिशत फिसलन के साथ 1,257.35 रुपये के स्तर पर बंद हुए।

नोटबंदी | वित्त मंत्रालय की जांच में सामने आए चौंकाने वाले तथ्य, एक ज्वैलर ने नोटबंदी के दौरान 93 हजार फीसद ज्यादा नकदी जमा कराई

हजारों ज्वैलर्स के ग्राहक, बिक्री, बिल...सब फर्जी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : वित्त मंत्रालय के तहत काम करने वाली एजेंसियां पहले ही संकेत दे चुकी थीं कि नवंबर, 2016 में लागू नोटबंदी को चूना लगाने में ज्वैलर्स सबसे आगे रहे थे। तकरीबन चार वर्षों की जांच के बाद सामने आ रहे तथ्य इन एजेंसियों के संकेत को सही साबित करते हैं। नोटबंदी नौ नवंबर, 2016 को लागू की गई थी और 30 दिसंबर, 2016 के आंकड़े बताते हैं कि किसी ज्वैलर ने सामान्य से 93 हजार फीसद ज्यादा रकम बैंकों में जमा करवाई तो किसी ने अपनी सालाना कमाई से एक हजार फीसद ज्यादा राशि सिर्फ उक्त अवधि में जमा करा दी। पांच लाख रुपये की सालाना आय वाले ज्वैलरों ने दो-तीन दिनों में करोड़ों रुपये जमा करा दिए।

लेकिन जांच एजेंसियों की कार्रवाई में दूध का दूध और पानी का पानी होने लगा है। एक-एक आंकड़े की छानबीन हो रही है, जो जल्द ही पूरी हो जाएगी। आय और जमा राशि के बीच बेहद बड़े अंतर को लेकर इनसे पूछताछ हो रही है। कई ज्वैलरों के खिलाफ कार्रवाई भी हो रही है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक इसमें कोई शक नहीं रह गया है कि नोटबंदी के दौरान प्रतिबंधित 500 और 1,000 रुपये के नोटों को सिस्टम में पहुंचाने में ज्वैलरों ने ही प्रमुख भूमिका निभाई है। लगभग सभी ने प्रतिबंधित नोटों को ठिकाने लगाने के लिए एक ही तरीका अपनाया है। सभी ने यही कहा है कि अक्टूबर, 2016 के अंत से उन्हें भावी खरीदारी के लिए अग्रिम मिलने शुरू हुए और यह सिलसिला दिसंबर, 2016 तक चला। लेकिन इसके पक्ष में अधिकांश ज्वैलर कोई ठोस सबूत नहीं पेश कर पाए हैं। कुछ ने अपनी खाता-बही में सोना-चांदी या आभूषण खरीदने की इंट्री की हुई है लेकिन वे सब गलत पाए गए हैं। कुछ ज्वैलरों ने करोड़ों रुपये के ऑर्डर बाहर से लिए हैं, लेकिन उसकी आपूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं की है। कई ज्वैलरों ने सैकड़ों बेनाम ग्राहकों से 20 हजार रुपये से कम राशि लेना दिखाया है और इस तरह से करोड़ों रुपये अपने बैंक खाते में जमा कराए हैं। यह राशि अग्रिम के तौर पर दिखाई गई है, लेकिन कई साल बीत जाने के बावजूद इनके एवज में कोई आपूर्ति नहीं की गई है।

चपलेबाजी की हद यह है कि कुछ ज्वैलर्स जब फंस गए तो किसी दूसरी कंपनी के पेपर्स व लाभ-हानि खाते का डिटेल एजेंसियों के पास जमा करा दिया। सूत्रों का कहना है कि कई ज्वैलर्स इसका कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए हैं कि सैकड़ों बेनाम ग्राहकों से उन्होंने पैसे क्यों लिए। हद यह है कि चार वर्ष बाद भी इनके पास करोड़ों रुपये पड़े हुए हैं। एक ज्वैलर ने बताया कि उसके पास 573 लोगों ने पैसे जमा कराए हैं कि वह आगे आभूषण की खरीद करेंगे। लेकिन इनमें से अधिकांश ग्राहक फर्जी निकले।

एक जैसे खेल

- गुजरात के एक ज्वैलर ने नौ नवंबर से 31 दिसंबर, 2016 के बीच करीब 4.15 करोड़ रुपये जमा करा दिए। जब जांच एजेंसियों ने उससे पिछले वर्ष का डाटा देखा तो पाया कि ज्वैलर ने सिर्फ 44,260 रुपये जमा कराए थे। यानी एक वर्ष में ही उसकी आय में 93,000 फीसद से अधिक का इजाफा हो गया।
- एक ज्वैलर ने सालाना रिटर्न सिर्फ 64,550 रुपये पर भरा था लेकिन नोटबंदी के दौरान 72 लाख रुपये बैंक में जमा कराए।
- एक अन्य ज्वैलर ने सालाना रिटर्न तो 3.23 करोड़ रुपये का भरा था, लेकिन उसने अपने बैंक खाते में 52.26 करोड़ रुपये की राशि जमा कराई। इस अवधि में उसके पास नकदी (कैश इन हैंड) 2.64 लाख रुपये से बढ़कर 6.22 करोड़ रुपये हो गई। कैश इन हैंड में 23,000 फीसद से ज्यादा की इस वृद्धि की कोई ठोस वजह ज्वैलर नहीं बता पाया।

पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड

निविदा समयावृद्धि सूचना

निविदा सूचना सं0 01/EE(C)HLD/2019-20 की डाउनलोडिंग करने की अन्तिम तिथि प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि क्रमशः 23.01.2020, 30.01.2020 को 15.00 बजे तक एवं 30.01.2020 को 15.30 बजे तक बढ़ा दी गई हैं।
अन्य नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

पत्रांक– 24/ अधि०अभि०(जानपद)प०वि०खं०/ह० दिनांक– 20.01.2020 | अधिशासी अभियन्ता (जानपद)

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

Office of the Director General, Medical Health & F.W.
Danda Lakhound, Sahastradhara Road, P.O., Gujrada, Dehradun, Uttarakhand,
e-mail: dghealthuttarakhand@gmail.com, cmsd.uk @gmail.com, Telephone no. 0135-2608763

पत्रांक : 15प/भण्डार/37/2016/1058 | दिनांक : 18.01.2020

'ई'–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना उत्तराखण्ड सरकार

1. कार्य का नाम- पं. दीन दयाल उपाध्याय (कोरोनेशन)/महात्मा गांधी शताब्दी नेत्र चिकित्सा विज्ञान केन्द्र जिला चिकित्सालय, देहरादून, उत्तराखण्ड में विभिन्न उपकरणों की आपूर्ति जिनका विवरण निविदा सूचना जो कि https://uktenders.gov.in portal पर उपलब्ध है।
2. निविदा प्रपत्र पोर्टल में उपलब्ध होने की तिथि एवं समय-21.01.2020, अपराह्न 2.00 बजे।
3. प्री-बिड बैठक की तिथि एवं समय- 28.01.2020 अपराह्न 2.30 बजे।
4. पोर्टल से निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय- 07.02.2020 अपराह्न 3.00 बजे तक
5. निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का नाम व पता- महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प.क. उत्तराखण्ड, देहरादून। 6. इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के संशोधन/निरस्तीकरण आदि की सूचना वेबसाइट https://uktenders.gov.in प्राप्त की जा सकती है। 7. पोर्टल रजिस्ट्रेशन-समस्त इच्छुक निविदादाताओं जो निविदा में प्रतिभाग करना चाहते हैं वे पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करने हेतु अपने वैध व्यक्तिगत/कार्यालय के ई-मेल को अपना login id बनाकर अपने वैध Digital Signature certificate (डी.एस.सी.) का उपयोग कर उसे unique login id बना सकते हैं।

किसी अन्य जानकारी के लिए निविदादाताओं से आग्रह है कि वे email di-cmsd.uk@gmail.com द्वारा जारी/सम्पर्क कर सकते हैं।

पत्रांक 10591 सूचना एवं लोक संपर्क विभाग दि 20.01.2020 | महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प.क. उत्तराखण्ड, देहरादून

SUPER SPECIALITY PAEDIATRIC HOSPITAL & POST GRADUATE TEACHING INSTITUTE
SECTOR- 30 NOIDA, GAUTAM BUDH NAGAR, U.P. (INDIA)- 201303
(An Autonomous Body Under Govt. of UP)
Website- www.ssphpgti.ac.in; E-Mail- sspginoida@gmail.com

Advt. No. SSPHGPGTI/MOS/2020/01 | Date- 19.01.2020

CORRIGENDUM

This is in reference to the Notice Inviting Tender- Advt. No. SSPHGPGTI/MOS/2019/23; Dated- 31.12.2019 for Supply of Medical Equipment from eligible bidders. The revised schedule for tender process is as under:-

1. The Tender document shall be made available on E-Tender Portal from latest by 22.01.2020.
2. The last date and time for submission of online bids, EMD and Tender Fee for all the tenders shall be 22.02.2020 till 04:00 PM.
3. The date for downloading Technical Bid of all the tenders shall be 25.02.2020.
4. All further communications (notification/corrigendum/addendum) and the date and time for downloading the Financial Bid shall be uploaded on the website and e-tender portal only from time to time.

DIRECTOR

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492-099

No. Admin/Recruitment/SR/Dentistry/2020/AIIMS.RPR/741 दिनांक 20-01-2020

भर्ती सूचना

एम्स रायपुर, भारतीय रेजीडेंसी योजना के अंतर्गत भारतीय नागरिकों से डेंटिस्ट्री विभाग (ओरल एंड मैक्सीलोफेसिअल सर्जरी एंड प्रोस्थोडोंटिक्स) में सीनियर रेसिडेंट्स [कुल पद -04 (अ.ना.-01, अ.पि.व.-02, अ. जा.- 01)] पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। वेतन 67700/- (स्तर-11, खंड 1, सातवें सीपीसी के अनुसार) प्रतिमाह एवं एनपीए (यदि लागू हो) सहित अधिमान्य भत्ते प्रदान किए जाएंगे। आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण एम्स रायपुर की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in पर 20.01.2020 (प्रातः 11.00 बजे) से 10.02.2020 (सायं 5.00 बजे) तक उपलब्ध होगा।

इन पदों की पात्रता मानदंड, आवेदन पत्र, नियम और शर्तों के लिए कृपया एम्स की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in का अवलोकन करें। इस विज्ञापन से संबंधित सभी अधिसूचनाएं, संशोधन, शुद्धिपत्र आदि (यदि कोई होगा) केवल एम्स रायपुर की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का नियमित अवलोकन करें।

-निदेशक, एम्स रायपुर

Latest Jobs — Jagran Josh www.jagranjosh.com

राजस्थान उच्च न्यायालय: 434 स्टेनोग्राफर पद

- **अंतिम तिथि:** 28 फरवरी 2020
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 12वीं पास या समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट:** hcraj.nic.in

Rajasthan High Court (राजस्थान उच्च न्यायालय)

DSSSB: 536 जूनियर क्लर्क, स्टेनो व अन्य पद

- **अंतिम तिथि:** 6 फरवरी 2020
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 10वीं/12वीं/ग्रेजुएट पास या समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट:** dsssb.delhi.gov.in

Delhi Subordinate Services Selection Board, Government of NCT of Delhi

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (PGCIL): 110 असिस्टेंट इंजीनियर पद

- **अंतिम तिथि:** 7 फरवरी 2020
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से ग्रेजुएट पास या समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट:** powergridindia.com

पावरग्रिड POWERGRID

RSMSSB: 4421 पटवारी पद

- **अंतिम तिथि:** 19 फरवरी 2020
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से ग्रेजुएट पास या समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट:** rsmssb.rajasthan.gov.in

Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur

सामान्य ज्ञान: क्या आप जानते हैं?

क्यों भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का "लोगो" आज भी गुलामी का प्रतीक है?

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का 'लोगो' अंग्रेजों द्वारा शुरू किये गये एक अवार्ड 'आर्डर ऑफ़ स्टार ऑफ़ इंडिया' से लिया गया है. इस अवार्ड के शुरू होने का कारण, भारत के पहले स्वतंत्रता संग्राम, 1857 में छुपा है. अंग्रेजों ने इस अवार्ड की शुरुआत, पहले स्वतंत्रता संग्राम में देश के साथ गद्दारी करने वाले और ब्रिटिश क्राउन के साथ वफादारी करने वाले भारतीय राजाओं और राजकुमारों को खुश करने के लिए 1861 में की थी.

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.jagranjosh.com या डाउनलोड करें Jagran Josh Sarkari Naukri App

मनरंजन

सैफ अली पर नहीं है युवा दिखने का दबाव

इस साल की शुरुआत सैफ अली खान के लिए काफी अच्छी रही है। फिल्म 'तान्हाजी : द अनसंग वॉरियर' में उनके द्वारा निभाए गए किरदार को काफी सराहना मिली है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी लगातार अपनी पकड़ बनाए हुए है। वहीं 31 जनवरी को उनकी फिल्म 'जवानी जॉनेमन' रिलीज हो रही है। उनमें वह एक किशोरी के पिता की भूमिका निभा रहे हैं। यह कहानी ऐसे शख्स की है, जो अपनी जिम्मेदारियों व उम्र को स्वीकार करने से डरता है। सैफ इस फिल्म के सहनिर्माता भी हैं। पिता की भूमिका निभाने को लेकर सैफ का कहना है कि उनका किरदार बैचलर लाइफस्टाइल में यकीन रखता है। उसे लगता है अकेली जिंदगी अच्छी है। सैफ भी इस साल उम्र का अर्द्धशतक पूरा कर लेंगे। जवां दिखने को लेकर उनका कहना है, 'उम्र को लेकर मुझे कोई समस्या नहीं है। मैं उसके बारे में सोचता भी नहीं हूं। लोग कहते हैं कि आप ऐसे कपड़े पहनो या ऐसे हेयर स्टाइल रखो तो युवा दिखोगे? सच कहूं तो मुझे युवा दिखने का कोई दबाव नहीं है। जब तक काम मिलता है करेंगे। जब रिटायर होना होगा, तो हो जाएंगे।' सैफ कहते हैं, 'जिंदगी में हर चीज का एक वक्त होता है। एक उम्र होती है, जब आपको करियर बनाना होता है और पैसा कमाना होता है। एक उम्र आपकी आराम करने की भी होती है। जब वह आएगी तो उसका लुत्फ लूंगा।' फिल्म में उनकी ऑनस्क्रीन बेटी की भूमिका अभिनेत्री पूजा बेदी की बेटी अलाया एफ निभा रही हैं। यह उनकी डेब्यू फिल्म है।

शादी के छह साल पूरे होने पर समीरा रेड्डी ने लिखी दिल की बात

अभिनेत्री समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। फिर चाहे वह अपने बच्चों की तस्वीरें हों, प्रेग्नेंसी या डिलीवरी के बाद की दिक्कतें हों या बॉडी शेमिंग पर बात करने के लिए प्रेग्नेंसी में पानी के अंदर फोटोशूट कराना हो। समीरा बेबाकी से अपने विचार सोशल मीडिया पर रखती हैं। इस बार समीरा ने अपने पति के साथ छह साल पुरानी अपनी शादी की तस्वीर साझा की है, जिसमें वह डांस करती नजर आ रही हैं। 21 जनवरी, 2014 को समीरा ने बिजनेसमैन अक्षय वर्दे से शादी की थी। समीरा ने उन्हें एनिवर्सरी की बधाई देते हुए लिखा, 'मिस्टर वर्दे, क्या आप मेरे साथ हमेशा के लिए डांस करेंगे। हम छह साल पूरे कर रहे हैं। मुझे अब भी याद है, हमने शादी में कितना पागलपन किया था। महाराष्ट्रियन और साउथ इंडियन रीति-रिवाज, छोटे बाल, गाउन पर शादी का चूड़ा, सफेद वेडिंग केक, कैथोलिक बांद्रा बैंड ने हमारे पसंदीदा ट्यून्स बजाए थे। सब कुछ परफेक्ट था।'

बतौर लेखिका डिजिटल डेब्यू करेंगी रवीना

अभिनेत्री रवीना टंडन अब बतौर लेखिका डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने जा रही हैं। वह मल्टिपल पर्सनैलिटी डिसऑर्डर पर एक वेब सीरीज लिख रही हैं। मल्टिपल पर्सनैलिटी डिसऑर्डर एक किस्म की मानसिक बीमारी है, जिसमें एक ही शख्स के अलग-अलग व्यक्तित्व सामने आते हैं। बीमारी से पीड़ित व्यक्ति उससे अनभिज्ञ रहता है। रवीना लेखन के साथ वेब सीरीज की निर्माता भी होंगी। वह अपने पति अनिल थडानी के प्रोडक्शन हाउस एए फिल्म के साथ मिलकर इस वेब सीरीज का निर्माण करेंगी। रवीना इससे पहले साल 2003 में 'स्टंप्ड' और साल 2005 में 'पहचान : द फेस ऑफ ट्रुथ' जैसी फिल्में प्रोड्यूस कर चुकी हैं। लेखिका के इस नए रोल को लेकर रवीना काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि उन्होंने इस कहानी पर कठिन परिश्रम किया है। इस वेब सीरीज की कहानी काफी रोचक है, जो दर्शकों को रोमांचित कर देगी। उन्होंने संकल्पना और निर्माण की दृष्टि से इस वेब सीरीज को कुछ अलग बनाने की कोशिश की है। इस वेब सीरीज के नाम और पात्रों को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। रवीना कन्नड़ फिल्म 'केजीएफ 2' में नजर आएंगी। इस फिल्म में रवीना के साथ कन्नड़ अभिनेता यश और संजय दत्त मुख्य भूमिका में हैं।

करोड़ों के क्लब की गांरटी बने अक्षय कुमार



हिंदी सिनेमा में कई ऐसे कलाकार हैं, जो साल में एक या दो फिल्में ही कर रहे हैं। वहीं अक्षय कुमार एकमात्र अभिनेता हैं, जो साल में चार फिल्में कर रहे हैं। पिछले कुछ अर्से से उनकी फिल्में सौ और दो सौ करोड़ क्लब में आसानी से शामिल हो रही हैं। पिछले साल के अंत में रिलीज हुई फिल्म 'गुड न्यूज' ने दो सौ करोड़ के क्लब में कदम रख दिया है। इस फिल्म ने 24 दिन में 201.14 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। वर्ष 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'मिशन मंगल' के बाद यह अक्षय की दूसरी फिल्म थी, जिसने दो सौ करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। पिछले साल अक्षय की चार फिल्में 'केसरी', 'मिशन मंगल', 'हाउसफुल 4' और 'गुड न्यूज' रिलीज हुई थी। फिल्म 'केसरी' ने जहां 154.41 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं हाउसफुल 4 ने 194.60 करोड़ रुपये की कमाई की थी। पिछले साल अकेले अक्षय कुमार अभिनीत फिल्मों ने साढ़े सात सौ करोड़ से ज्यादा की कमाई भारतीय बॉक्स ऑफिस पर की है। पिछले साल 'वॉर', 'कबीर सिंह', 'उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक', 'भारत' के बाद सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की फेहरिस्त में 'गुड न्यूज' पांचवें पायदान पर है। इस साल भी अक्षय की चार फिल्में 'सूर्यवंशी', 'लक्ष्मी बॉम्ब', पीरियड फिल्म 'पृथ्वीराज' और 'बच्चन पांडे' रिलीज होंगी।

वाड्रा के खिलाफ याचिका पर सुनवाई टली

जासं, नई दिल्ली : विदेश में संदिग्ध संपत्ति के मामले में फंसे उद्यमी रॉबर्ट वाड्रा की अग्रिम जमानत को रद करने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनवाई 11 फरवरी तक के लिए टाल दी। ईडी ने याचिका में कहा है कि निचली अदालत से दी गई अग्रिम जमानत मामले की जांच के लिए हानिकारक है और वाड्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत है। ईडी ने वाड्रा के करीबी मनोज अरोड़ा को दी गई अग्रिम जमानत को भी चुनौती दी है। एक अप्रैल 2019 को पटियाला हाउस के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने रॉबर्ट वाड्रा को सशर्त जमानत दी थी। लंदन में फ्लैट को लेकर ईडी ने वाड्रा के सहयोगी मनोज अरोड़ा के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप है कि यह फ्लैट मनोज अरोड़ा के बजाय वाड्रा का है। यह हथियार डीलर संजय भंडारी से खरीदा गया था।

SUPER SPECIALITY PAEDIATRIC HOSPITAL & POST GRADUATE TEACHING INSTITUTE
SECTOR- 30 NOIDA, GAUTAM BUDH NAGAR, U.P. (INDIA)- 201303
(An Autonomous Body Under Govt. of UP)
Website- www.ssphpgti.ac.in; E-Mail- sspginoida@gmail.com

Advt. No. SSPHGPGTI/MOS/2020/01 Date- 19.01.2020

CORRIGENDUM

This is in reference to the Notice Inviting Tender- Advt. No. SSPHGPGTI/MOS/2019/23; Dated- 31.12.2019 for Supply of Medical Equipment from eligible bidders. The revised schedule for tender process is as under:-

1. The Tender document shall be made available on E-Tender Portal from latest by 22.01.2020.
2. The last date and time for submission of online bids, EMD and Tender Fee for all the tenders shall be 22.02.2020 till 04:00 PM.
3. The date for downloading Technical Bid of all the tenders shall be 25.02.2020.
4. All further communications (notification/corrigendum/addendum) and the date and time for downloading the Financial Bid shall be uploaded on the website and e-tender portal only from time to time.

DIRECTOR

कार्यालय नगर पालिका परिषद पिलखुवा, जनपद-हापुड़

पत्रांक: 1675/निर्माण अनु./2019-20 दिनांक:- 20.01.2020

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पिलखुवा सीमांतर्गत पंडित दीनदयाल योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 की कार्ययोजना/डी.पी.आर. तैयार किए जाने हेतु आर्किटेक्ट/टाउन प्लानर का चयन जिलाधिकारी महोदया की गठित समिति द्वारा किए जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना पत्रांक सं. 1647/निर्माण अनु./2019-20 दिनांक 17.01.2020 द्वारा इच्छुक आर्किटेक्ट/टाउन प्लानर से ई-निविदा दरें शासन की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर प्राप्त किए जाने दैनिक हिंदी समाचार पत्र अमर उजाला एवं दैनिक जागरण में प्रकाशित कराई गई थी। उक्त के संबंध में पूर्ण विवरण शासन की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा की शर्तों एवं किसी परिवर्तन/संशोधन व अतिरिक्त सूचना के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें। अन्य समस्त विवरण यथावत रहेंगे।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिलखुवा

कृषि रसायन संभाग
DIVISION OF AGRICULTURAL CHEMICALS
भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110 012
ICAR-INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE, NEW DELHI-110 012

ई-टेंडर नोटिस

सचिव, भा.कृ.अनु.परिषद् की ओर से निदेशक, भा.कृ.अनु.संस्थान द्वारा कृषि रसायन संभाग में अनुसंधान के लिये वैज्ञानिक उपकरण की खरीद हेतु ई-टेंडर आमंत्रित किये जाते हैं। तकनीकी एवं वित्तीय पात्रता हेतु संस्थान की वेबसाइट www.iari.res.in अथवा https://eprocure.gov.in देखें।

S. No.	Description	Qty.	Tender ID
1.	Flash Evaporator fitted with high power vacuum pump and chiller.	One	2020_DARE_537572_1

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बुलन्दशहर

पत्रांक:-डायट / निविदा / 3127 2019-20 दिनांक 20/01/2020

अल्प कालीन निविदा विज्ञप्ति

बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं में विषयवार लर्निंग आउटकम की परीक्षा आयोजित हेतु विद्यालयों के कक्षा 3 से 5 तक एवं कक्षा 6 से 8 तक प्रश्न-पत्रों के मुद्रण हेतु अल्प कालीन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा की शर्ते एवं निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 500/- (पॉच सौ रूपये) की धनराशि का भुगतान कर कार्यालय से दिनांक 21.01.2020 से 27.01.2020 तक सांय 2.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदाए कार्यालय में दिनांक 27.01.2020 की सांय 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 28.01.2020 को डायट में 2.00 बजे खोली जायेगी।

प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बुलन्दशहर

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त धर्मजीत, पुत्रः श्री राम बिलाश, पताः गली नं. 10, संगम विहार, बुराड़ी, दिल्ली ने FIR No. 411/16, U/S 288/338 IPC पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया कि उक्त धर्मजीत मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में प्रदर्शित कर दिया गया है कि धर्मजीत फरार हो गया है (या उक्त वारंट तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 411/16, U/S 288/338 IPC पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली के अभियुक्त धर्मजीत से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 25.02.2020 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हरजीत सिंह जसपाल,
मैट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, सेन्ट्रल,
कमरा नं. 286, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/881/N/2020

उत्तर रेलवे

वंदे भारत एक्सप्रेस में वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार का स्वर्णिम अवसर

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया है।

कार्य का नाम	ट्रेन क्रमांक 22435/36 नई दिल्ली – वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस एवं 22439/40 नई दिल्ली – श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस (T-18) के सभी कोच में 18.5 इंच एलईडी टीवी के माध्यम से पाँच वर्षो हेतु वाणिज्यिक विज्ञापनों के प्रदर्शन का अधिकार।
IREPS निविदा सूचना	Publicity Vande06-2019
निविदा खुलने की तिथि	06.02.2020 को 11.00 बजे तक
कार्य की अनुमानित लागत	IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार → Earning & Leasing
निविदा दस्तावेज मूल्य 18% जीएसटी सहित	IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार → Earning & Leasing
धरोहर राशि	IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार → Earning & Leasing
वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in

संख्या: No. 7PUB/New Proposal/NP/TN/QT/2016 Dated: 15.01.2020 188/20

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका नामः नामालूम, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः 50-55 साल, लिंगः पुरूष, रंगः साँवला, कदः 5'6", पहनावाः ग्रे कलर फुल स्लीव वाली टी-शर्ट, पैरों में ग्रे जुराब पहने हुए, जो दिनांक 15.01.2020 को रात्रि 07:41 बजे यमुना नदी, डुबा हुआ, मोहित नर्सरी, मदनपुर, खादर के पीछे कीचड़ में लथपथ हालत, नई दिल्ली से मृत पाया गया। इस संदर्भ में FIR/DD No. 33A, दिनांक 15.01.2020 थाना कालिन्दी कुंज, नई दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना कालिन्दी कुंज, नई दिल्ली
फोन: 011-29945322, 29945323

DP/8022/SE/2020

उत्तर रेलवे

टेंडर नोटिस सं.-05/2019-2020 दिनांक 18.01.2020
भंडार की आपूर्ति हेतु आमंत्रित निविदा
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/उत्तर रेलवे/भण्डार डिपो/यांत्रिक कारखाना/अमृतसर द्वारा संभरणकर्ताओं से निम्नलिखित मदों के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र. सं.	निविदा सं.	माल का विवरण	मात्रा	बयाना राशि र.	निविदा पत्र कीमत र	निविदा खुलने की तिथि
01	62205017	Casnub Bogie for BVCM Wagon. Detailed description as per attached annexure-A RDSO Spec No: WD-17-CASNUB-22 HS-Bogie-92 (Revision 3) with Amendment No. 5 Issued in Sep 2016.	52 Nos	324320/-	0.00	05.03.20

निविदा शर्तें : Ireps की वैब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक विक्रेताओ को ई-टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिये भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास-III डिजीटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त करना होगा। हस्तलिखित निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। फैक्स नं. : 0183-2563308 ई मेल पता : asmrstore@gmail.com 185/2020

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

WEST BENGAL ESSENTIAL COMMODITIES SUPPLY CORPORATION LTD.
(A GOVT. OF WEST BENGAL UNDERTAKING)
11-A, Mirza Ghalib Street, Kolkata-700 087

Memo No.: ECSC/ICDS/2019-20/123/1367 Date: 20.01.2020

Sub :- E-Tender Cancellation Notice

In pursuance of the decision by competent authority, the E-Tender Documents Published vide Memo No. ECSC/ICDS/2019-20/1338, ECSC/ICDS/2019-20/1339, ECSC/ICDS/2019-20/1340 and ECSC/ICDS/2019-20/1341 dated : 20.12.2019 respectively are hereby cancelled due to administrative reasons.

Sd/-
Managing Director

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नामः नामालूम पता : नामालूम, उम्र : 35 साल, कद : 5'6", रंग : साफ, कपड़ेः नीले रंग का स्वेटर, पीले व काले रंग की टी-शर्ट (ऊपरी) और काले रंग का लॉवर पहने हुए है, जो दिनांक 10.01.2020 को देशबंधु अपार्टमेंट के पास फुटपाथ पर, कालकाजी, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया है। इस संदर्भ में डीडी सं. 9ए दिनांक 10.01.2020 थाना कालकाजी दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

थानाध्यक्ष
थाना कालकाजी, दिल्ली
दक्षिण पूर्वी जिला, दिल्ली

DP/8021/SE/2020 दूरभाष सं. 011-26430607, 26439165

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कारखाना प्रबन्धक/उत्तर रेलवे सिगनल वर्कशाप, गाजियाबाद द्वारा निम्नकार्य के लिए Online निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम	स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति, ओवरहौलिंग, टेस्ट सेट-अप की स्थापना और ट्रेनिंग प्रोसीजर तथा डायडो सिंगल लाइन ब्लॉक इन्स्ट्रूमेंट की ओवर हौलिंग (कार्य स्कोप आफ वर्क के अनुसार)।
निविदा प्रपत्र का मूल्य	₹ 1000/- + 18% GST = 1180/- (अप्रतिदेय)
धरोहर राशि	₹ 7400/-
समापन अवधि	कार्य स्वीकार करने का पत्र मिलने के 40 दिन के अन्दर
निविदा प्रपत्र प्राप्ति की तारीख, समय तथा वैबसाइट	निविदा दस्तावेज में पूर्ण विवरण दिया गया है और निविदा दस्तावेज अ-हस्तांतरणीय है। निविदा दस्तावेज को भारतीय रेलवे वेबसाइट "www.ireps.gov.in" पर दिनांक 09.01.2020 से 10.02.2020 तक देखा और डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण निविदा दस्तावेज देखने और बोली लगाने के लिए विक्रेता/उपयोगकर्ताओं को खुली निविदाओं (निविदाएं/ऑनलाइन विज्ञापन) के लिए निविदा दस्तावेज लागत (टीडीसी) का भुगतान करना होगा, निविदाकार/उपयोकर्ताओं को ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से टीडीसी राशि का भुगतान केवल भारतीय मुद्रा में क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग के माध्यम से करना होगा।
ऑनलाइन निविदा खुलने का स्थान	कार्यालय, मुख्य कारखाना प्रबन्धक, उ0रे0, सिगनल कारखाना, गाजियाबाद।
ऑनलाइन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय	10.02.2020 को 13:00 बजे तक
ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि व समय	10.02.2020 को 13:30 बजे
वैधता	45 दिन

नोटः रेलवे प्रशासन डाउनलोड करने में किसी भी दिक्कत की वजह से देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। यदि किसी वजह से डाउनलोड किए हुए निविदा प्रपत्र मुख्य कारखाना प्रबंधक, सिगनल वर्कशॉप, गाजियाबाद की कार्यालय कॉपी में अंतर मिलता है, तो कार्यालय कॉपी सही माना जाएगा एवं निविदाकार उसे मानने के लिए बाध्य होगा एवं इस आशय के लिए निविदाकार का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। संख्याः एस0डब्ल्यू0जी0/जी0जे0डी0/2019-20/ब्लॉक/डायडो ओवरहौलिंग/कोटेशन/1A दिनांक 07.01.2020 177/20

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 59274/निविदा सूचना क्र. 16/क्लेलि/2019-20
राजनांदगांव, दिनांक 16/01/2020

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 06.02.2020 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

कार्य का नाम :- राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड डोंगरगढ़ की मनकी जलाशय के 07 शाखा नहर की सी.सी लाईनिंग कार्य एवं 15 नग पक्के कार्य, 70 नग कुलाबा निर्माण, 07 नग माईनर हेड का मरम्मत तथा मुख्य नहर के सर्विस बैंक पर मुरूम टापिंग कार्य।

अनुमानित लागत- रू. 281.38 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23.01.2020 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-76251/3

कार्यालय जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी, गाजियाबाद
दैनिक आधार पर संचालन हेतु विज्ञप्ति

संख्या 240/9/वि.आ.अ./आ.दु.व्यव./दैनिक आधार/2019-20/दिनांक : गाजियाबाद, जनवरी 20, 2020

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विदेशी मदिरा फुटकर बिक्री दुकान भोवापुर अटौर रोड का अनुज्ञापन निलंबित कर दिये जाने के उपरान्त प्रकरण में निर्णय होने तक अथवा इस सम्बन्ध में पारित होने वाले किसी अन्य आदेश या अधिकतम 14 दिवसों तक जो पहले घटित हो, के लिए अन्तरिम व्यवस्थापन दैनिक लाइसेंस फीस के सापेक्ष आफर मांग कर सर्वोच्च आफर द्वारा कराया जायेगा। दो या दो से अधिक सर्वोच्च समान ऑफर प्राप्त होने पर मैनुअल लाटरी के माध्यम से अन्तरिम व्यवस्थापन कराया जायेगा। ऑफर बन्द लिफाफे में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी गाजियाबाद में जमा करना होगा। दुकान का विवरण निम्नानुसार हैः-

दुकान का नामः-विदेशी मदिरा फुटकर बिक्री दुकान-भोवापुर अटौर रोड
दैनिक लाइसेंस फीस जिसके सापेक्ष आफर आमंत्रित है- रु. 3302/-प्रतिदिन
आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने की अन्तिम तिथि व समय-23.01.2020 को 14:00 बजे तक
आवेदन प्रस्तुत किये जाने का स्थान- कमरा नं. 231 कलेक्ट्रेट कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, गाजियाबाद
आफर खोले जाने का स्थान व समय-दिनांक 23.01.2020 समय 16:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, गाजियाबाद

नोट-1. आवेदक की उम्र 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।
2. दुकान हेतु प्राप्त ऑफर में सर्वाधिक लाइसेंस फीस को स्वीकार किया जायेगा। यदि दो या दो से अधिक समान अधिकतम आफर प्राप्त होते हैं, तो मैनुअल लाटरी के माध्यम से ऐसे समान आफर में से एक को चुन कर व्यवस्थापन कराया जायेगा।
3. व्यवस्थापन की शेष शर्तें इसके पूर्व के व्यवस्थापन के समान तथा आबकारी आयुक्त, उ.प्र. की विज्ञप्ति के अनुसार होगी।
4. विदेशी मदिरा, दुकान हेतु दिये गये ऑफर की लाइसेंस फीस के बराबर की धनराशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में, जो जिला आबकारी अधिकारी गाजियाबाद के पदनाम से बना हो, आवेदन पत्र के साथ बन्द लिफाफे में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदन पत्र के साथ आवेदक द्वारा आधार कार्ड, पैन कार्ड, निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। आफर सील बन्द लिफाफे में प्रस्तुत किये जायेंगे, जिस पर दुकान का प्रकार व नाम तथा आवेदक का नाम व पता अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।
6. उपरोक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, गाजियाबाद तथा क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों से प्राप्त किया जा सकता है।

(मुबारक अली)
जिला आबकारी अधिकारी,
गाजियाबाद

(अजय शंकर पाण्डेय)
जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी
गाजियाबाद

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया है।

कार्य का नाम तथा उसका स्थान	दिल्ली मंडल के नई दिल्ली, दिल्ली, हज़रत निज़ामुद्दीन, दिल्ली सराय रोहिल्ला एवं दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन में ब्रांडेड एलईडी डिजिटल स्क्रीन के साथ सूचनात्मक प्रदर्शन सह मोबाइल चार्जिंग कियोस्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन का अधिकार (स्विस चैलेंज मेथड के तहत) (अवांछित गैर किराया राजस्व प्रस्ताव सम्बन्धी नीति)।	
रेलवे स्टेशनों का विवरण	निविदा सूचना	स्टेशन
	Publicity Unsolicited 01-20	नई दिल्ली, दिल्ली, हज़रत निज़ामुद्दीन, दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली कैंट
निविदा खुलने की तिथि	06.02.2020 को 11.00 बजे तक	
कार्य की अनुमानित लागत	ireps.gov.in पर निविदा सूचना के अनुसार	
निविदा दस्तावेज मूल्य 18% जीएसटी सहित	ireps.gov.in पर निविदा सूचना के अनुसार	
धरोहर राशि	ireps.gov.in पर निविदा सूचना के अनुसार	
वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है	https://ireps.gov.in/	

संख्याः No. 7PUB/Unsolicited Proposal/DLI-DIV/2019 Dated: 15 January 2020 186/20

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.

अल्पकालीन ई-निविदा सूचनाः-अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी ठेकेदारों जिनका आयकर/सेवाकर में पंजीकृत तथा सम्बन्धित कार्यों का अनुभव रखते हो के द्वारा मुहरबंद अलग-अलग निविदा दो भागों में आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 04.02.2020 को 14:00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन 16:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी, यदि उस दिन अवकाश हुआ तो वे निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। ई-निविदा पोर्टल पर प्रथम भाग में मांगी गयी सभी शर्तों को पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। आमंत्रित की गयी निविदाओं की निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से एन.ई.एफ.टी./आर.टी.जी.एस. के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल लोनी, के पक्ष में पंजाब नेशनल बैंक के खाता सं. 9956002100002138 IFS Code-PUNB0995600 शाखा शालीमार गार्डन गाजियाबाद के खाते में जमा करें। केवल उन्हीं फर्मो एवं ठेकेदारों की निविदायें खोली जायेंगी, जिसके उपरोक्त समस्त प्रमाण पत्र प्रथम भाग में संलग्न किये जायेंगे तथा अर्ह निविदादाताओं के भाग-02 (प्राईस बिड) ई-टेन्डर वेब पोर्टल पर www.etender.up.nic.in पर दिनांक 04.02.2020 समय 14:00 बजे तक भरा जा सकेगा। निविदा प्रपत्रों की जांचोपरान्त द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र ई-टेन्डर पोर्टल www.etender.up.nic.in एवं निगम की वेबसाइट www.pvvnl.org से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित हैं। अल्पकालीन ई-निविदा सं. 36/कार्य/वि.वि.मण्डल/लोनी/गा.बाद/2019-20, विद्युत वितरण मण्डल लोनी के अधीन स्थित वितरण खण्ड-प्रथम लोनी के अन्तर्गत आने वाले 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र बलरामनगर-प्रथम से पोषित 11 के.वी. पोषक भोपाल मार्किट के अन्तर्गत पूर्वी जवाहर नगर में स्थापित 100 के.वी.ए. परिवर्तक की क्षमतावृद्धि 250 केवीए करने का कार्य बाह्य एजेन्सी के माध्यम से बिजनेस प्लान 2019-20 मद में कराया जाना अति आवश्यक हैं। जिसकी धरोहर राशि रु. 800.00 तथा निविदा मूल्य रु. 1180.00 (18% जी.एस.टी. सहित)। अल्पकालीन ई-निविदा सं. 37/कार्य/वि.वि.मण्डल/लोनी/गा.बाद/2019-20, विद्युत वितरण मण्डल लोनी के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय लोनी के अन्तर्गत आने वाले 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र रूपनगर-द्वितीय लोनी की ओवरहैड लाईन को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र रूपनगर द्वितीय लोनी से पुस्ता चौकी तक गार्डिंग करने का कार्य बाह्य एजेन्सी के माध्यम से बिजनेस प्लान 2019-20 मद में कराया जाना अति आवश्यक है। जिसकी धरोहर राशि रु. 1040.00 तथा निविदा मूल्य रु. 1180.00 (18% जी.एस.टी. सहित)। नोट जमा की गयी धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क का प्रिन्ट आउट निविदा के प्रथम भाग में संलग्न करना होगा। विद्युत चोरी की सूचना हैल्प लाईन नं.-1800-180-3002 (मेरठ), 1800-180-8752 (लखनऊ) पर दें। राष्ट्रहित में बिजली बचायें। (आशीष अस्थाना), अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल लोनी, गाजियाबाद, पत्रांक-1927, दिनांक-20.01.2020.

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया है:

1	कार्य का नाम तथा उसका स्थान	दिल्ली मण्डल के नई दिल्ली एवं दिल्ली रेलवे स्टेशनों पर (स्टेशन विज्ञापन जोन) में अनुमोदित मीडिया के माध्यम से पाँच वर्षो के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों के प्रदर्शन का अधिकार।	
2	रेलवे स्टेशनों का विवरण	निविदा सूचना	स्टेशन
		Publicity Station 09-2020 to Publicity Station 19-2020 (प्रत्येक जोन हेतु अलग अलग निविदा मदें)	नई दिल्ली में जोन A, B, C, F & G दिल्ली में जोन A, B, C & D तथा हज़रत निज़ामुद्दीन में जोन A&B
3	निविदा खुलने की तिथि	06.02.2020 को 1100 बजे तक	
4	कार्य की अनुमानित लागत	निविदा सूचना के अनुसार→Earning & Leasing	
5	निविदा दस्तावेज मूल्य 18% जीएसटी सहित	निविदा सूचना के अनुसार→Earning & Leasing	
6	धरोहर राशि	निविदा सूचना के अनुसार→Earning & Leasing	
7	वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	www.ireps.gov.in	

संख्या 7PUB/TN/Bulk Advt. Rights/DLI/2011 Dated : दिनांक 15 January 2020 187/2020

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तरी दिल्ली नगर निगम

अधिशासी अभियंता (सेंट्रल स्टोर) का कार्यालय
अम्बेडकर स्टेडियम, दिल्ली गेट, नई दिल्ली-110052

सं. ई्ई/सीएस//टीसी/नॉर्थ डीएमसी/2019-20/04 दिनांकः 20.01.2020

निविदा अल्प सूचना

क्र.सं.	उत्तरी दिल्ली नगर निगम के स्तर पर	प्रारंभ तारीख	समाप्ति समय
1.	निविदा दस्तावेज के लिए अनुरोध की प्रारंभ तारीख	21.01.2020	पूर्वाह्न 10.00 बजे
2.	निविदा दस्तावेज जारी करने की प्रारंभ तारीख	21.01.2020	पूर्वाह्न 10.01 बजे
3.	निविदा दस्तावेज के लिए अनुरोध की अंतिम तारीख	23.01.2020	अपराह्न 19.00 बजे
4.	निविदा दस्तावेज जारी करने की अंतिम तारीख	23.01.2020	अपराह्न 19.01 बजे
5.	निविदा समाप्ति की तारीख और समय	24.01.2020	अपराह्न 12.00 बजे
6.	लागत खोलने की तारीख और समय	24.01.2020	अपराह्न 12.15 बजे

कमिश्नर, उत्तरी दिल्ली नगर निगम की ओर से अधिशासी अभियंता (सेंट्रल स्टोर)/उत्तरी दि.न.नि. द्वारा (सामान्य विंग) के साथ पंजीकृत अनुमोदित और पात्र संविदाकारों से विवरणों/शर्तों के साथ निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु केवल वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/NORTHDMCETENDER पर सीलबंद मद दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक संविदाकारों से उनकी फर्म का नाम मूल्य बोली में अवश्य देने का अनुरोध किया जाता है, यदि मूल्य बोली में नाम वर्णित नहीं किया गया होगा, उक्त बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

क्र.सं.:1, कार्य का नामः ई्ई(सेंट्रल-स्टोर) उत्तरी दि.न.नि., कंचन पुरी, निकट विजय घाट, दिल्ली में उत्तरी दि.न.नि. के दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 हेतु मतदान केंद्रों को खड़ा करने के लिए 12 एमएम मोटी प्लाइवुड कमर्शियल, कैलबुड का समर्थित बुडन पोस्ट (साइज 3.00" x 1.50") और लोहे की कीलों की आपूर्ति। एफ.टी.सी. कोडः 19/66/91-2585/पीसी-863 लेखा शीर्षः 91-2585, निविदा राशिः मद दर, धरोहर राशिः 1,87,750/-, निविदा लागतः 1000/-, पूर्ण करने की अवधिः 07 दिन, दरें मान्य रहने की अवधिः 5 महीने

निविदा का विवरण और अन्य निबंधन एवं शर्तें वेबसाइट http://www.tenderwizard.com/NORTHDMCETENDER पर देखी जा सकती तथा कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में भी देखी जा सकती हैं।

- हस्ता. -
अधिशासी अभियंता (सीएस) उ.दि.न.नि.

R.O. No. 222/North DMC/2019-20

जेपी नड्डा के हाथ भाजपा की कमान

सर्वसम्मति से चुने गए राष्ट्रीय अध्यक्ष तीन वर्ष में कई चुनौतियों से होना पड़ेगा रूबरू

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा की कमान अब जगत प्रकाश नड्डा के हाथ में सौंप दी गई है। सर्वसम्मति से अगले तीन साल के लिए उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। महज तीस साल के संघर्ष में सामान्य कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक की यात्रा जहां बड़ी उपलब्धि है, वहीं अब तक के सबसे सफलतम पूर्व अध्यक्ष अमित शाह की उपलब्धियों को संभालना और बढ़ाना एक बड़ी चुनौती भी है। यह रोचक इसलिए है, क्योंकि नड्डा की पहली परीक्षा अगले एक पखवाड़े में ही शुरू हो जाएगी और अगले तीन साल तक डेढ़ दर्जन राज्यों में परखी जाएगी। चुनौती इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि इनमें से 11 राज्य भाजपा और राजग के पास ही हैं जिसे दोहराने का दबाव होगा जबकि आधे दर्जन राज्यों में संभावनाओं की तलाश लंबे समय से चल रही है।

सोमवार को अध्यक्ष पद पर चुनाव के साथ ही नड्डा ने भाजपा की उस परंपरा को जीवित रखा जिसके तहत किसी खास परिवार से जुदा एक कार्यकर्ता ही अध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन हुआ। औपचारिक चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी समेत कई केंद्रीय मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों ने नड्डा के नामांकन के पक्ष में समर्थन किया। कोई दूसरा दावेदार न होने की स्थिति में नामांकन का वक्त खत्म होने के साथ ही वह अध्यक्ष चुन लिए गए। जोशीले कार्यकर्ताओं के नारों, हिमाचल प्रदेश से आए नर्तकों, ढोल-नगाड़ों के बीच केंद्रीय चुनाव अधिकारी राधामोहन सिंह ने सभी नेताओं की मौजूदगी में नड्डा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर चुनाव की घोषणा की। अमित शाह ने पीठ थपथपाकर उनका उत्साहवर्द्धन किया।

हालांकि कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नड्डा ने पिछले छह महीने में महाराष्ट्र, हरियाणा व झारखंड चुनाव को नजदीक से देखा है, लेकिन बतौर अध्यक्ष दिल्ली चुनाव उनका पहला संग्राम होगा। उसके बाद साल के अंत में बिहार सामने होगा जहां नड्डा ने जीवन का लंबा वक्त गुजारा है। उसके बाद का साल सही मायनों में चुनौती भरा होगा। दरअसल 2021 में जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं उनमें असम भी शामिल है जहां 2016 में पहली बार भाजपा की सरकार बनी थी। ध्यान रहे कि असम ही वह राज्य है जहां पहला एनआरसी भी हुआ और सीएए पर विरोध की पहली आंधी भी उठी। हालांकि उसे थाम लिया गया है। इसी साल बंगाल और केरल में भी चुनाव होने हैं।

नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में सर्वसम्मति से भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जेपी नड्डा को बधाई देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह (दाएं) और बाएं से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व वयोवृद्ध नेता लाल कृष्ण आडवाणी भी मौजूद थे ● ध्रुव कुमार

> जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। वह पार्टी से जो चाहेंगे हम वह करेंगे
>
> **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

> प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नड्डा जी के नेतृत्व में भाजपा और भी मजबूत होगी तथा इसका विस्तार होगा
>
> **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

लंबे समय के लिए आई है भाजपा : मोदी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेपी नड्डा को मिली नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आगाह भी किया कि अब चुनौतियां ज्यादा हैं इसलिए और सतर्क व सक्रिय रहने की जरूरत है। परोक्ष रूप से विपक्षी दलों को निशाने पर लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनावी राजनीति में जिनको जनता ने नकार दिया है वे भ्रम और झूठ फैला रहे हैं, उनका इकोसिस्टम इसे हवा दे रहा है। ऐसे समय में भाजपा का जनसंवाद और सटीक होना चाहिए। जनता की जो अपेक्षाएं हैं उसे पूरा करने का और प्रयास होना चाहिए। भाजपा यहां कम समय के लिए नहीं आई है बल्कि लंबे समय तक देश की सेवा करेगी। जेपी नड्डा के अध्यक्ष चुने जाने के बाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा, 'जब हम विपक्ष में थे उससे ज्यादा चुनौतियों का सामना अब करना पड़ेगा। चुनावी राजनीति को ज्यादा बड़ी चुनौती नहीं मानता हूं।

चंदौली में आइएसआइ एजेंट गिरफ्तार, पाक को भेजता था सैन्य सूचनाएं

उत्तर प्रदेश के चंदौली से गिरफ्तार आईएसआई एजेंट राशिद अहमद ● सौजन्य : एटीएस सेल

जागरण संवाददाता, चंदौली : वाराणसी मंडल के चंदौली जिले से रविवार रात पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ एजेंट को आतंकवाद निरोधक दस्ते ने गिरफ्तार किया। एजेंट राशिद अहमद सैन्य, अर्धसैनिक बलों के ठिकानों, विश्वनाथ मंदिर और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की सूचनाएं और फोटो पाकिस्तान भेजता था। मिलिट्री इंटेलिजेंस से इनपुट के बाद एटीएस राशिद पर लंबे समय से नजर रख रही थी। उसके पास से एक मोबाइल, दो सिमकार्ड और पेटीएम के जरिए मिले पांच हजार रुपये बरामद हुए। मिलिट्री अभिसूचना ईकाई को जुलाई 2019 में सूचना मिली कि वाराणसी का एक युवक लगातार पाकिस्तान में बातचीत और वाट्सएप के जरिए जानकारियां साझा कर रहा है। मिलिट्री की सूचना के बाद से ही एटीएस उस पर नजर रख रही थी। एटीएस की पूछताछ में पता चला है कि वह दो बार 2017 और 2018 में पाकिस्तान जा चुका है।

निर्भया के दोषी पवन की याचिका खारिज

नई दिल्ली, प्रेट्र : सुप्रीम कोर्ट ने निर्भया सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले में मौत की सजा पाने वाले चार दोषियों में एक पवन कुमार गुप्ता का यह दावा सोमवार को खारिज कर दिया कि अपराध के समय वह नाबालिग था। पवन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर खुद के नाबालिग होने का दावा ठुकराने के दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। जस्टिस आर भानुमति, अशोक भूषण और एएस बोपन्ना की पीठ ने पवन की याचिका पर सुनवाई के बाद उसे खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट का फैसला बरकरार रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में हाई कोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है, जिसमें पवन की याचिका अस्वीकार की गई। अदालत ने कहा कि निचली अदालत और उच्च न्यायालय ने उसके इस दावे को एकदम सही ठुकराया है। पवन के वकील एपी सिंह ने कहा कि विद्यालय छोड़ने के प्रमाणपत्र के अनुसार अपराध के समय वह नाबालिग था। निचली अदालत और हाई कोर्ट ने उसके इस दस्तावेज पर विचार ही नहीं किया। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पवन के नाबालिग होने के दावे का प्रत्येक न्यायिक मंच पर विचार किया गया। यह न्याय के साथ मजाक होगा यदि एक दोषी को बार-बार अपने नाबालिग होने का मुद्दा उठाने की अनुमति दी जाए। मेहता ने कहा कि अपराध के समय पवन 19 साल का था। इस संबंध में उसका जन्म प्रमाणपत्र और स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र है, जिसे प्रत्येक न्यायिक मंच पर रिकार्ड में लाया गया। पवन ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट अदालत में याचिका दायर की थी। इसमें उसने नाबालिग होने का दावा ठुकराने के हाई कोर्ट के निर्णय को चुनौती दी थी। उसने एक फरवरी को दिए जाने वाले मृत्युदंड पर भी रोक लगाने की गुहार की थी। दिल्ली की अदालत ने शुक्रवार को निर्भया मामले के चारों दोषियों-विनय शर्मा, मुकेश कुमार, अक्षय कुमार सिंह और पवन कुमार गुप्ता की मौत की सजा पर एक फरवरी को अमल करने के लिए फिर से डेथ वारंट जारी किया था। 23 वर्षीय पैरामेडिकल छात्रा के साथ 16 दिसंबर, 2012 की रात में दक्षिण दिल्ली में चलती बस में छह व्यक्तियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और बुरी तरह जख्मी हालत में सड़क पर फेंक दिया था।

दो टूक

- कहा, हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं
- दोषियों को एक फरवरी को फांसी का जारी हो चुका है डेथ वारंट

जियो टैग के साथ बोर्ड को भेजनी होगी फोटो

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने प्रायोगिक परीक्षा के निरीक्षण के लिए सख्ती दिखाई है। इस बार मॉनीटरिंग के लिए जियो टैग का इस्तेमाल किया जाएगा। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन केंद्रों पर प्रायोगिक परीक्षा होगी, उनमें परीक्षक के पहुंचते ही जियो टैग के साथ फोटो बोर्ड को भेजनी होगी। इससे स्पष्ट हो जाएगा कि सेंटर की सही लोकेशन कहां है।

सीबीएसई के आदेशानुसार परीक्षा के दौरान तीन बार बोर्ड के पास लैब के फोटो भेजने होंगे, जिसमें छात्रों, परीक्षकों और निरीक्षकों की उपस्थिति दिखनी चाहिए। इसके साथ ही परीक्षा समाप्त होते ही प्रायोगिक परीक्षा के अंक भी बोर्ड को भेजने होंगे। प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित सभी प्रक्रियाएं एक ही दिन में पूरी करनी होंगी। परीक्षा समाप्त होने के अगले दिन के लिए कोई बिंदु नहीं छोड़ा जाएगा।

प्रश्न पत्र के बंडल की मोबाइल से होगी टैगिंग

सीबीएसई की ओर से 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए अहम बदलाव किया गया है। इसके तहत अब परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के सामने ही प्रश्नपत्र के बंडल खोले जाएंगे। इसकी जानकारी सभी परीक्षा केंद्रों को दे दी गई है। बोर्ड की मानें तो बैंक से प्रश्नपत्र लेने केंद्राधीक्षक खुद जाएंगे। प्रश्नपत्र केंद्र तक पहुंचने और परीक्षार्थियों के सामने खोलने के दौरान उसकी मोबाइल से ट्रैकिंग होगी।

शिक्षा के साथ स्वच्छता की जिम्मेदारी...

यह तस्वीर किसी सफाईकर्मी की नहीं बल्कि शिक्षिका की है। हरियाणा के पानीपत जिले के डेरा जोगी गांव के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में विद्यार्थियों की संख्या कम होने से वहां पर कोई सफाईकर्मी नहीं है। शिक्षिका संतोष प्रतिदिन सुबह स्कूल पहुंचती हैं और स्वयं झाड़ू से स्कूल परिसर में सफाई करती हैं। संतोष स्वच्छता के साथ-साथ शिक्षा का उजियारा फैलाने में जुटी हुई हैं ● राजेंद्र फोर

कश्मीरी पंडितों के खिलाफ रची गई थी सुनियोजित साजिश : अनुपम खेर

वाशिंगटन, एएनआइ : कश्मीरी पंडितों के सामूहिक पलायन की 30वीं बरसी पर पूरे अमेरिका में भारतीय समुदाय ने प्रदर्शन किए। सिएटल में निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। न्यूजर्सी में एक प्रदर्शन में अभिनेता अनुपम खेर भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पंडितों को घाटी से निकालने के लिए सुनियोजित साजिश रची गई थी।

न्यूजर्सी के एडिसन में हुए प्रदर्शन के दौरान अनुपम ने तीस साल पहले 19 जनवरी को कश्मीर में हुए नरसंहार को इतिहास का शर्मनाक अध्याय करार दिया। पलायन से पहले की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, इसके लिए सुनियोजित योजना बनाई गई थी। दुष्कर्म, क्रूरता और हत्याओं के जरिये पहले पंडितों को धमकाया गया और फिर उन्हें घाटी से भागने के लिए मजबूर किया गया। सिएटल में हुए प्रदर्शन में हजारों लोगों ने भाग लिया। लोग 'पाकिस्तान-पाकिस्तान, नरसंहार बंद करो' जैसे नारे लगा रहे थे। जुलूस में शामिल एक व्यक्ति ने कहा, हम इस्लामिक चरमपंथ के खिलाफ अमेरिकियों में आई जागरूकता को देख रहे हैं। इसका केंद्र बिंदु पाकिस्तान है। यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति ने हमारा दर्द सुना और हमारे प्रति सहानुभूति व्यक्त की। लोगों ने भारत द्वारा लाए गए नागरिकता संशोधन कानून की भी प्रशंसा की। 19 जनवरी, 1990 को पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार के बाद लाखों कश्मीरी पंडित घाटी स्थित अपने घरों से भागने को मजबूर हो गए थे।



अनुपम खेर ● जागरण आर्काइव

WEST BENGAL
ESSENTIAL COMMODITIES SUPPLY CORPORATION LTD.
(A GOVT. OF WEST BENGAL UNDERTAKING)
11-A, Mirza Ghalib Street, Kolkata-700 087

Memo No.: ECSC/ICDS/2019-20/123/1367 Date: 20.01.2020

Sub :- E-Tender Cancellation Notice

In pursuance of the decision by competent authority, the E-Tender Documents Published vide Memo No. ECSC/ICDS/2019-20/1338, ECSC/ICDS/2019-20/1339, ECSC/ICDS/2019-20/1340 and ECSC/ICDS/2019-20/1341 dated : 20.12.2019 respectively are hereby cancelled due to administrative reasons.

Sd/-
Managing Director

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492-099

No. Admin/Recruitment/SR/Dentistry/2020/AIIMS.RPR/741 दिनांक 20-01-2020

भर्ती सूचना

एम्स रायपुर, भारतीय रेजीडेंसी योजना के अंतर्गत भारतीय नागरिकों से डेंटिस्ट्री विभाग (ओरल एंड मैक्सीलोफेसिअल सर्जरी एंड प्रोस्थोडोंटिक्स) में सीनियर रेसिडेंट्स [कुल पद -04 (अ.ना.-01, अ.पि.व.-02, अ. जा.- 01)] पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। वेतन 67700/- (स्तर-11, खंड 1, सातवें सीपीसी के अनुसार) प्रतिमाह एवं एनपीए (यदि लागू हो) सहित अधिमान्य भत्ते प्रदान किए जाएंगे। आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण एम्स रायपुर की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in पर 20.01.2020 (प्रातः 11.00 बजे) से 10.02.2020 (सायं 5.00 बजे) तक उपलब्ध होगा।

इन पदों की पात्रता मानदंड, आवेदन पत्र, नियम और शर्तों के लिए कृपया एम्स की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in का अवलोकन करें। इस विज्ञापन से संबंधित सभी अधिसूचनाएं, संशोधन, शुद्धिपत्र आदि (यदि कोई होगा) केवल एम्स रायपुर की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का नियमित अवलोकन करें।

-निदेशक, एम्स रायपुर

वाड्रा की जमानत रद करने की मांग पर सुनवाई टली

रॉबर्ट वाड्रा ● जागरण आर्काइव

जासं, नई दिल्ली : विदेश में संदिग्ध संपत्ति के मामले में फंसे उद्यमी रॉबर्ट वाड्रा की अग्रिम जमानत को रद करने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनवाई 11 फरवरी तक के लिए टाल दी। ईडी ने निचली अदालत द्वारा दी गई अग्रिम जमानत को रद करने की मांग करते हुए वाड्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत बताई है। ईडी ने वाड्रा के करीबी मनोज अरोड़ा को दी गई अग्रिम जमानत को भी चुनौती दी है। एक अप्रैल 2019 को पटियाला हाउस के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने रॉबर्ट वाड्रा को पांच लाख रुपये के निजी मुचलके पर सशर्त जमानत दी थी।

लंदन में एक फ्लैट को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने वाड्रा के करीबी सहयोगी मनोज अरोड़ा के खिलाफ केस दर्ज किया था। ईडी का आरोप है कि यह फ्लैट मनोज अरोड़ा के बजाय वाड्रा का है और यह हथियार डीलर संजय भंडारी से 2010 में खरीदा गया था।

पहाड़ों पर बर्फबारी और दिल्ली में आज हो सकती है बारिश

जेएनएन, नई दिल्ली : उत्तर भारत में बर्फबारी ने पहाड़ों और तेज हवा ने मैदानी इलाकों में ठंड को एक बार फिर से बढ़ा दिया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के ज्यादातर जिले भीषण ठंड की चपेट में हैं। बर्फीली हवा के कारण दिल्ली का अधिकतम तापमान पांच डिग्री तक गिर गया है। मंगलवार को बारिश होने की संभावना है। इससे न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आएगी। मौसम विभाग की मानें तो पूरे सप्ताह ठिठुरन और कोहरे का प्रकोप बना रहेगा।

सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। दोपहर बाद हल्की धूप निकली, लेकिन ठंडी हवा के कारण गलन की स्थिति बनी रही।

मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है। शाम में हल्की बारिश भी हो सकती है। बारिश के बाद मौसम कुछ साफ होगा, लेकिन ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है।

पहाड़ों में जारी रहेगी बर्फबारी : बारिश और बर्फबारी के बाद उत्तराखंड कड़ाके की शीत की चपेट में है। चमोली के जोशीमठ और कुमाऊं के मुक्तेश्वर में पारा शून्य से नीचे है, जबकि टिहरी और अल्मोड़ा में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। इस बीच बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की चोटियों में हल्की बर्फबारी हुई, जबकि निचले स्थानों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार को भी राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला जारी रहेगा।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में भारी बर्फबारी से यमुनोत्री मंदिर परिसर की छत क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही घोड़ा पड़ाव की टिन की छत भी टूट गई है ● फोटो- यमुनोत्री मंदिर समिति

मौसम की मार

- भीषण ठंड की चपेट में उत्तराखंड और हिमाचल के ज्यादातर जिले
- दिल्ली का न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

दिल्ली में भाजपा-अकाली गठबंधन टूटा

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : लंबे समय से एक-दूसरे के सहयोगी भाजपा और अकाली दल का 21 वर्ष पुराना गठबंधन दिल्ली में टूट गया है। शिरोमणि अकाली दल (शिअद बादल) ने विधानसभा चुनाव से अपने को अलग करने का फैसला किया है। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर भाजपा का शिअद पर भारी दबाव था।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि सीएए पर स्टैंड बदले की बजाय हमने विधानसभा चुनाव में नहीं उतरने का फैसला किया है। दिल्ली में अकाली दल हमेशा भाजपा के साथ चुनाव लड़ता रहा है। जब हम आवाज नहीं उठा सकते हैं तो चुनाव लड़ने का कोई मकसद नहीं रह जाता है। कोई भी अकाली नेता निर्दलीय भी चुनाव नहीं लड़ेगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ चुनाव नहीं लड़ने का फैसला हुआ है। गठबंधन को लेकर पार्टी हाईकमान को फैसला करना है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों के बीच सियासी नहीं सामाजिक गठबंधन है। पंजाब में शांति व भाईचारा कायम करने वाला गठबंधन है। भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने को लेकर भी उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

SUPER SPECIALITY PAEDIATRIC HOSPITAL & POST GRADUATE TEACHING INSTITUTE
SECTOR- 30 NOIDA, GAUTAM BUDH NAGAR, U.P. (INDIA)- 201303
(An Autonomous Body Under Govt. of UP)
Website- www.ssphpgti.ac.in; E-Mail- sspginoida@gmail.com

Advt. No. SSPHGPGTI/MOS/2020/01 Date- 19.01.2020

CORRIGENDUM

This is in reference to the Notice Inviting Tender- Advt. No. SSPHGPGTI/MOS/2019/23; Dated- 31.12.2019 for Supply of Medical Equipment from eligible bidders. The revised schedule for tender process is as under:-

1. The Tender document shall be made available on E-Tender Portal from latest by 22.01.2020.
2. The last date and time for submission of online bids, EMD and Tender Fee for all the tenders shall be 22.02.2020 till 04:00 PM.
3. The date for downloading Technical Bid of all the tenders shall be 25.02.2020.
4. All further communications (notification/corrigendum/addendum) and the date and time for downloading the Financial Bid shall be uploaded on the website and e-tender portal only from time to time.

DIRECTOR

केन्द्रीय विद्यालय, कारगिल, ट्रेसपोन (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) – 194105
KENDRIYA VIDYALAYA, KARGIL AT TRESPONE (UT OF LADAKH) - 194105
(अधीनस्थ मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार / Under Ministry of H.R.D, Govt. of India)
e-mail: principalkvkgl@gmail.com, kvkargil_1@rediffmail.com
Website: www.kargil.kvs.ac.in Contact No. 9459455001

फर्म पंजीकरण सत्र 2020–21 दिनांक :– 08.01.2020

केन्द्रीय विद्यालय, कारगिल सत्र 2020–21 के लिए पंजीकृत व्यक्तिओं / फर्मों से निम्नलिखित सामग्री–कार्यालय / परीक्षा उपयोगी सामग्री, मुद्रित सामग्री जैसे प्रश्न–पत्र, उत्तर पुस्तिकाएँ, अध्ययन सामग्री, प्रारूप–पत्र, समाचार–पत्र, विद्यालय पत्रिका, छात्र–दैनन्दिनी, खेल सामग्री, स्मृति चिह्न, पुरस्कार पदक, संगीत सामग्री, पाठ्य सहायक सामग्री, सफाईकार्य सम्बन्धित सामग्री, दृश्य–सामग्री, भौतिक / रसायन / जीव विज्ञान प्रयोगशाला हेतु उपभोग्य / अउपभोग्य सामग्री, बिजली का सामान, पुस्तकालय किताबे, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था, जल शुद्धकरण यंत्र, उष्ण जल यंत्र, किराये पर टेंट का सामान, लकड़ी से निर्मित सामान, कला एवं चित्र सामग्री, फलक–पत्र, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर मय सहायक सामग्री, संचालन एवं रखरखाव, सीसीटीवी कैमरे, फैक्स, प्रतिलिपि–यंत्र, खानपान सेवा, स्काउट एवं गाइड सामग्री इत्यादि। इच्छुक व्यक्ति / फर्म पंजीकरण हेतु स्थाई खाता संख्या और सामान व सेवा कर संख्या के साथ दिनांक 20.03.2020 तक – प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय, कारगिल में आवेदन करे।

(के.एस.पठानिया)
प्राचार्य

Latest Jobs
JAGRAN Josh
www.jagranjosh.com

राजस्थान उच्च न्यायालय: 434 स्टेनोग्राफर पद
- अंतिम तिथि: 28 फरवरी 2020
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 12वीं पास या समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट: hcraj.nic.in

Rajasthan High Court (राजस्थान उच्च न्यायालय)

DSSSB: 536 जूनियर क्लर्क, स्टेनो व अन्य पद
- अंतिम तिथि: 6 फरवरी 2020
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 10वीं/12वीं/ग्रेजुएट पास या समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट: dsssb.delhi.gov.in

Delhi Subordinate Services Selection Board Government of NCT of Delhi

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (PGCIL): 110 असिस्टेंट इंजीनियर पद
- अंतिम तिथि: 7 फरवरी 2020
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से ग्रेजुएट पास या समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट: powergridindia.com

पावरग्रिड POWERGRID

RSMSSB: 4421 पटवारी पद
- अंतिम तिथि: 19 फरवरी 2020
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से ग्रेजुएट पास या समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट: rsmssb.rajasthan.gov.in

Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur

सामान्य ज्ञान: क्या आप जानते हैं?

क्यों भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का "लोगो" आज भी गुलामी का प्रतीक है?

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का 'लोगो' अंग्रेजों द्वारा शुरू किये गये एक अवार्ड 'आर्डर ऑफ़ स्टार ऑफ़ इंडिया' से लिया गया है. इस अवार्ड के शुरू होने का कारण, भारत के पहले स्वतंत्रता संग्राम, 1857 में छुपा है. अंग्रेजों ने इस अवार्ड की शुरुआत, पहले स्वतंत्रता संग्राम में देश के साथ गद्दारी करने वाले और ब्रिटिश क्राउन के साथ वफादारी करने वाले भारतीय राजाओं और राजकुमारों को खुश करने के लिए 1861 में की थी.

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.jagranjosh.com या डाउनलोड करें Jagran Josh Sarkari Naukri App

सुरक्षा कवच दक्षिण भारत के किसी सैन्य बेस पर इसकी यह पहली तैनाती

ब्रह्मोस से लैस सुखोई-30 एयरबेस में तैनात

तंजावुर (तमिलनाडु), एएनआइ : दक्षिण भारत के तंजावुर एयरबेस में पहले सुखोई 30-एमकेआइ युद्धक विमान को वायुसेना में शामिल किया गया है। यह विमान ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस है। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत और वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने तमिलनाडु के तंजावुर एयरबेस पर लड़ाकू विमान सुखोई 30-एमकेआइ को स्क्वॉड्रन में शामिल किया।

दक्षिण भारत के किसी सैन्य बेस पर सुखोई-30 की यह पहली तैनाती है। इंडक्शन के मौके पर विमान को वॉटर सैल्यूट दिया गया। सुखोई विमानों के इस स्क्वॉड्रन को 'टाइगर शार्क्स' नाम दिया गया है। यह सुखोई का 12वां स्क्वॉड्रन है। इसके 11 अन्य स्क्वॉड्रन को चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा पर नजर बनाए रखने के लिए पहले ही तैनात किया जा चुका है।

इस मौके पर एयरचीफ मार्शल भदौरिया ने कहा कि अभी यह तय नहीं है कि युद्धक विमान कहां तैनात किया जाएगा। लंबी दूरी के खतरों को आंकते हुए वायुसेना इसे उत्तरी क्षेत्र में कहीं तैनात कर सकती है। इसे चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा पर तैनात किया जा सकता है। लेकिन इस बात पर फैसला खतरे के विश्लेषण और योजना की आवश्यकता के हिसाब से होगा।

तमिलनाडु के तंजावुर एयरबेस पर ब्रह्मोस मिसाइल से लैस सुखोई-30 एमकेआइ स्क्वॉड्रन की तैनाती की गई है। सोमवार को सुखोई को वाटर सेल्यूट किया गया ● प्रेट्र

300 किमी तक दाग सकता है मिसाइल : ये लड़ाकू विमान बमबारी के साथ मिसाइल भी दाग सकता है। इसमें ब्रह्मोस मिसाइल लोड की जा सकती है। यह एक बार ईंधन भरने पर 8000 किलो हथियारों के साथ 5200 किमी तक उड़ान भर सकता है। सुखोई-30 (एमकेआइ) एक घंटे में 2450 किमी तक पहुंच जाता है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

वरि. मण्डल विद्युत अभियंता / सामान्य, उत्तर रेलवे फिरोजपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदाएँ (www.ireps.gov.in) आमंत्रित की जाती है। निविदाकारक अपने मूल / संशोधित निविदा बंद होने की तिथि तथा समय तक प्रस्तुत कर सकते है।

टेंडर संख्या	कार्यों का विवरण	अनुमानित लागत (रु. में)	टेंडर की कीमत (रु. में)	बयाना राशि (रु. में)	कार्य की अवधि	टेंडर खुलने की तिथि एवं समय	वेब साइट
251-Elect-T-34/2019-20	जालंधर सिटी और जम्मू तवी में डिप्टी चीफ इंजीनियर–(निर्माण) के कार्यालय और अधिकारी विश्राम गृह (निर्माण)–पठानकोट की मरम्मत और नवीनीकरण हेतु	14,27,058.01/-	2000/-	26,600/-	180 Days	10.02.2020 15:00 बजे के बाद	www.ireps.gov.in

सं. 251विद्युत–टेंडर नोटिस सं. 32 / विद्युत–2019–20 दिनांक 16.01.2020 178/20

www.zalimlotion.in
जालिमलोशन®
Fastest > Trusted > Tested
...पीढ़ियों से
दाद, खाज, खुजली से तुरंत आराम
ZALIM LOTION
For Ringworm and Itches
Also Available on: amazon
Scan the QR Code using your device.
ANIL PUB.

एक नजर में

एलडीए की 14 कॉलोनियों के कार्यों की जांच के आदेश

लखनऊ : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने शहर की 14 एलडीए कॉलोनियों के विकास कार्यों का निरीक्षण करने का आदेश दिया है। कमेटी में अपर मुख्य सचिव आवास के अलावा मंडलायुक्त, प्रमुख सचिव नगर विकास, जिलाधिकारी, एलडीए उपाध्यक्ष और नगर आयुक्त भी होंगे। इन कॉलोनियों में गोमती नगर विस्तार के फेज वन के सेक्टर 1 से 5 और फेज टू के सेक्टर 1 से 4 के आवासीय और व्यावसायिक, सेक्टर एच जानकीपुरम योजना, रतन खंड शारदा नगर योजना, कानपुर रोड योजना विस्तार सेक्टर आई व सेक्टर जे शामिल हैं। (विसं)

पुरानी पेंशन पर विचार करे

लखनऊ : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आदेश दिया है कि पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में याचियों के दो सप्ताह में प्रत्यावेदन देने पर विचार करें और तीन माह में निर्णय लें। जस्टिस अब्दुल मोईन की बेंच ने शशांक कुमार व 109 अन्य की याचिका पर आदेश दिया। याचियों का चयन होने के उपरांत दिसंबर 2005 में नियुक्ति हुई थी, लेकिन राज्य सरकार ने दिसंबर 2005 व इसके बाद नियुक्त होने वाले शिक्षकों के संबंध में पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर नई व्यवस्था लागू कर दी। (विसं)

श्रीराम जन्मभूमि न्यास को दें जिम्मेदारी

ट्रस्ट गठन के बाद राम मंदिर निर्माण की तिथि की घोषणा पर संतों ने किया फैसला

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : माघ मेला में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की सोमवार को हुई बैठक में संतों ने श्रीराम जन्मभूमि न्यास को राम मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी सौंपने की मांग का प्रस्ताव पारित किया। इसमें अयोध्या में मंदिर निर्माण की तिथि की घोषणा के बाबत फैसले को टाल दिया गया। मार्गदर्शक मंडल में शामिल विहिप के केंद्रीय पदाधिकारियों व संतों ने तय किया कि तिथि की घोषणा मंदिर निर्माण ट्रस्ट के गठन के बाद की जाएगी। इसमें कई और निर्णय लिए गए।

दो सत्रों वाली बैठक में भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ पहला सत्र सुबह 10.30 बजे शुरू हुआ। अध्यक्षता स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने की। विहिप के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने प्रस्तावना रखी। मार्गदर्शक मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों के बीच एजेंडा रखा गया। प्रमुख संतों ने विचार रखे। दूसरा सत्र दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक चला। इसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष व गुजरात के महिसाणा स्थित केवल्य पीठ के प्रमुख अविचल दास महाराज ने की। इस सत्र में प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए। दूसरे सत्र में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि भी शामिल हुए। दोनों सत्रों का संचालन विहिप के केंद्रीय उपाध्यक्ष व मार्गदर्शक मंडल के संयोजक जीवेश्वर मिश्र ने किया।

बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब विहिप के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे और मंडल के प्रमुख सदस्य स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज ने पारित प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी। कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण की तिथि संतों की सलाह पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा ट्रस्ट के गठन के बाद की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर आनंद प्रकट करने के लिए देश भर में रामोत्सव होगा। जिन गांवों और मुहल्लों में शिलापूजन कार्यक्रम हुए थे, वहां विशेष आयोजन होंगे। सीएए को लेकर विहिप, अखिल भारतीय संत समिति और अखिल भारतीय साध्वी शक्ति परिषद की ओर से जनजागरूकता अभियान चलाने का प्रस्ताव पारित हुआ। धर्मांतरण पर रोक के लिए भी रणनीति बनी। परिवार संस्कार भी चलाने का निर्णय हुआ। पारित प्रस्तावों को मंगलवार को संत सम्मेलन में प्रकट किया जाएगा, जिसमें देश भर के संत शामिल होंगे।

प्रयागराज : माघमेला क्षेत्र के परेड मैदान स्थित विश्व हिंदू परिषद के शिविर में सोमवार को आयोजित केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक में शामिल संत व अध्यक्षता कर रहे मंचासीन स्वामी वासुदेवानंद (दाहिने) ● जागरण

ये प्रस्ताव पारित

- देश भर में रामोत्सव के तहत मंदिर का मॉडल व रथयात्रा निकलेगी
- सीएए को लेकर पूरे देश में संत भी चलाएंगे जन जागरूकता अभियान
- धर्मांतरण रोकने को उठाए जाएंगे कड़े कदम, घर वापसी भी होगी
- परिवार को टूटने से बचाने के लिए परिवार संस्कार कार्यक्रम भी चलेंगे

उप्र में दिन में राहत, रात में बढ़ेगी गलन

जेएनएन, लखनऊ : सूबे में सुबह कोहरा छाया रहेगा। वहीं दिन में आसमान साफ हो जाएगा। मगर, रात में बर्फीली हवा से गलन बढ़ाएगी। ऐसे में न्यूनतम तापमान में गिरावट के आसार हैं। राज्य में उत्तरी-पश्चिमी हवा चल रही हैं। पहाड़ से आ रहीं ये हवाएं मैदानी इलाकों में गलन बढ़ा रहीं हैं।

राजधानी में सोमवार सुबह कोहरा छाया रहा। वहीं दिन में धूप निकली। ऐसे में ठंड से कुछ राहत मिली। वहीं शाम ढलते ही ठंडी हवाएं असर दिखाने लगीं। मौसम में गलन बढ़ गई। शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 17.6 सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वाराणसी में मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। सोमवार को अधिकतम तापमान में वृद्धि व दिन में धूप खिलने से लोगों ने राहत महसूस की। धूप होने के बावजूद हवा से ठंड का तेवर बरकरार रहा। वहीं शाम होते ही गलन बढ़ गई। पूर्वांचल में कोल्ड फ्रंट का असर अभी जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। बलिया में ठंड से एक महिला की मौत की मौत हो गई।

प्रयागराज में कई दिनों बाद सोमवार को सुबह से धूप तो खिली लेकिन सर्द हवाओं के आगे वह बेअसर रही। शीतलहर के कारण न्यूनतम पारा लुढ़क गया, जिससे रात में गलन में और इजाफा हुआ।

सरकार का इम्तिहान अफसरों की पढ़ाई

मंथन

- आइआइएम ने औद्योगिक विकास के लिए लगाई अफसरों की पाठशाला
- ईज ऑफ डूइंग, लैंडबैंक और निवेश प्रोत्साहन पर दिया गुरुमंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: सरकार के मंत्रियों और आला अधिकारियों को तीन चरणों में 'गुड गवर्नेंस' का पाठ पढ़ा चुके भारतीय प्रबंध संस्थान (आइआइएम) ने अब औद्योगिक विकास के लिए पाठशाला लगाई है, जो सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। अब तक के प्रयासों से क्या हासिल हुआ और क्या ठोस कदम उठाए जाएं कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर बनाने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य पूरा हो जाए? इसी 'पाठ्यक्रम' पर अधिकारियों की दो दिवसीय क्लास सोमवार को शुरू हुई।

योगी सरकार का दावा है कि बीते 15 साल में जितना निवेश नहीं आया, उससे ज्यादा ढाई साल में आ गया। दावा यह भी है कि अवस्थापना सुविधाएं बढ़ी हैं और नई औद्योगिक नीति से उद्यमी संतुष्ट भी हैं। सरकार के यह तमाम प्रयास जमीन पर कितने फलीभूत हुए? औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों की क्या भूमिका रही और सरकार का यह मकसद पूरी तरह कैसे सफल हो? इसी विमर्श के लिए आइआइएम ने कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआइआइ) के साथ सीआइआइ भवन में दो दिवसीय कार्यशाला मंथन आयोजित की है, जिसका उद्घाटन सोमवार को औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने किया। इसमें अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर संदेश दिया कि अधिकारी टीम वर्क के रूप में सरकार के साथ करें। ईज ऑफ डूइंग का जो दावा सरकार और अफसर करते हैं, वह आवाज उद्यमियों की तरफ से आनी चाहिए।

इन विषयों पर हुआ मंथन

- सितंबर 2019 में आयोजित मंथन कार्यक्रम का परिणाम
- औद्योगिक विकास : चुनौतियां और संभावनाएं
- निवेश और सुविधाओं का प्रोत्साहन
- नॉलेज ट्रांसफर और नॉलेज मैनेजमेंट
- ईज ऑफ डूइंग और उसका अनुपालन
- लैंड बैंक तैयार करने का एक्शन प्लान
- औद्योगिक विकास के लिए आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं का विकास
- पर्यावरणीय चुनौतियां
- औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में प्रतिबद्धता विकसित करना।

आइआइएम के डीन प्रो. संजय कुमार सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर बनाने का जो लक्ष्य तय किया है, वह इतना आसान नहीं है। इसके लिए काफी मेहनत की जरूरत है। इसमें उद्योग विभाग के अधिकारियों की अहम भूमिका होगी। आइआइएम के क्षितिज अवस्थी ने भी सूत्र साझा किए।

फाइल नहीं, जमीन पर दिखे काम : महाना

मंथन के उद्घाटन समारोह में औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आप और हम अपने काम की तारीफ करते रहें, उससे काम नहीं चलेगा। काम फाइल पर नहीं, जमीन पर दिखना चाहिए। हमारे काम और नीतियों की तारीफ उद्यमी करें। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास प्राधिकरण जमीन बेचने वाले विभाग बन गए थे, जबकि काम उद्योगों की स्थापना करना है। पिछली किसी सरकार का नाम लिए बिना बोले कि पहले उद्योग मंत्री के पास शायद वक्त न हो इस विभाग के लिए लेकिन, मोदी और योगी सरकार ने औद्योगिक विकास को प्राथमिकता पर रखा है। मंथन में सोचना है कि हमने उस पर कितना काम किया। महाना ने कहा कि जिन्हें काम नहीं करना, वह विरासत में मिली समस्याओं पर रोते हैं। हमें विरासत की मुश्किलों को दूर करना है।

कुर्की की मुनादी न कराने पर कोर्ट नाराज

जागरण संवाददाता, रामपुर : सांसद आजम खां के खिलाफ कुर्की नोटिस तामील कराने में पुलिस की लापरवाही पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। कोर्ट ने दोबारा नोटिस जारी करते हुए पुलिस को मुनादी करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा अफसरों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किए हैं।

सपा सांसद आजम खां के खिलाफ पड़ोसी आरिफ रजा को धमकाने के मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने कुर्की का नोटिस जारी किया था। कुर्की का नोटिस रिसीव कराने में पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं की। पुलिस ने सुनवाई से एक दिन पहले ही नोटिस चस्पा किया था। पुलिस ने उक्त नोटिस के संबंध में मुनादी की भी प्रक्रिया पूरी नहीं की। सोमवार को जब इस मामले की सुनवाई हुई तो यह मामला उठा, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने सांसद के खिलाफ फिर से कुर्की का नोटिस जारी करते हुए इसे विधिपूर्वक आरोपित को रिसीव कराने के आदेश दिए हैं। सहायक शासकीय अधिवक्ता राम औतार सिंह सैनी ने बताया कि कोर्ट ने सपा सांसद को इस मामले में फिर से कुर्की का नोटिस जारी किया है। इस मामले में अब 22 फरवरी को सुनवाई होगी।

आजम खां (फाइल फोटो)

इसके अलावा चुनाव के दौरान अफसरों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट ने सांसद आजम खां खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। यह मामला पिछले साल लोकसभा के दौरान का है। सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।

आजम को आचार संहिता के दो मामलों में राहत: आचार संहिता के दो मामलों में हाईकोर्ट ने सपा सांसद आजम खां को राहत दे दी है। इन दोनों मामलों में स्थगनादेश जारी किया है। चुनाव के दौरान राजकीय रजा डिग्री कालेज में मतदान के दिन प्रेस कांफ्रेंस करने के साथ ही आपत्तिजनक बयान देने और शाहबाद में दर्ज आचार संहिता के मामले में सपा सांसद ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। इन दोनों मामलों में उनके खिलाफ वारंट जारी किए गए थे। सहायक शासकीय अधिवक्ता राम औतार सिंह सैनी ने बताया कि दोनों मामलों में हाईकोर्ट ने स्टे दे दिया है।

प्राइमरी, एडेड माध्यमिक शिक्षकों की हड़ताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अधिनियम की धारा 18 में संशोधन और 12 सूत्रीय अन्य मांगों को लेकर प्राइमरी व अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक शिक्षक मंगलवार को प्रदेशभर के स्कूलों में हड़ताल करेंगे। धारा 18 के तहत प्रबंधक आयोग की अनुमति के बिना ही शिक्षकों को दंड के लिए नोटिस दे सकता है। वहीं 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्राइमरी स्कूलों के शिक्षक सामूहिक अवकाश लेकर प्रदर्शन करेंगे। वह अधिनियम की प्रतियां फाड़ेंगे और डीएम को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाएंगे। उप्र शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि 1.59 लाख प्राइमरी स्कूलों के शिक्षकों की पुरानी पेंशन व चिकित्सा सुविधा सहित 12 मांगे लंबित हैं। वे इसे लेकर प्रदर्शन करेंगे। इसी के साथ 4500 एडेड माध्यमिक स्कूलों में शिक्षक धारा 18 के साथ-साथ अन्य मांगों को लेकर एकजुट प्रदर्शन करेंगे।

एसआइटी ने वैभव कृष्ण से फिर की पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: गोपनीय पत्र की जांच के लिए गठित एसआइटी (विशेष जांच दल) ने सोमवार को निलंबित आइपीएस अधिकारी वैभव कृष्ण से दोबारा पूछताछ की। इसके साथ ही गोपनीय पत्र के दस्तावेजों की जांच भी तेज कर दी गई है। सूत्रों का कहना है कि वैभव कृष्ण से उनके पत्र में लगाए गए संगीन आरोपों व वाट्सएप चैट की पूर्व में की गई जांच को लेकर सवाल-जवाब किए गए। इस प्रकरण को लेकर गौतमबुद्धनगर में दर्ज कराई गई एफआइआर के बारे में भी जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों शासन ने तत्कालीन एसएसपी गौतमबुद्धनगर वैभव कृष्ण का वीडियो वायरल होने तथा उनकी ओर से लिखे गए गोपनीय पत्र के लीक होने के मामलों में बड़ी कार्रवाई की थी। वैभव को निलंबित कर दिया गया था। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे पांच आइपीएस अधिकारी डॉ.अजय पाल शर्मा, सुधीर कुमार सिंह, हिमांशु कुमार, गणेश प्रसाद साहा व राजीव नारायण मिश्रा को भी उनके पदों से हटा दिया गया था। शासन ने नौ जनवरी को डीजी विजिलेंस हितेश चंद्र अवस्थी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआइटी गठित कर गोपनीय पत्र में लगे भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों की जांच का आदेश दिया था और 15 दिन में रिपोर्ट तलब की है।

एसआइटी ने इससे पूर्व 14 जनवरी को वैभव कृष्ण से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए थे। गोपनीय पत्र में पांच आइपीएस अधिकारियों के अलावा मुख्य सचिव के मीडिया कार्यालय के निदेशक दिवाकर खरे, पीसीएस अधिकारी गुलशन कुमार व पीसीएस अधिकारी रजनीश व कुछ निजी व्यक्तियों के नाम भी हैं।

पासपोर्ट बनारस से रह रहा था चंदौली में

जासं, वाराणसी : पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ के एजेंट राशिद को लेकर एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। एटीएस की जांच में पता चला है कि राशिद और उसकी मां शहजादी का पासपोर्ट वाराणसी के लंका थाना क्षेत्र स्थित आवास के पते पर बना है जबकि दोनों बीते 15 साल से चंदौली के चौरहट, पड़ाव में रह रहे थे।

लंका पुलिस व एलआइयू ने कैसे राशिद और उसकी मां की रिपोर्ट लगाई। जांच में कौन-कौन से पुलिसकर्मी, एलआइयू के लोग शामिल थे इसकी पड़ताल शुरू हो गई है। इंस्पेक्टर लंका ने बताया कि 27 फरवरी 2017 को राशिद का पासपोर्ट लंका थाने से गया था। उस समय आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज नहीं था। छित्तूपुर लंका, निवासी इदरीस की शहजादी से शादी हुई थी। 15 साल पूर्व दोनों में तलाक हो गया। तलाक के बाद शहजादी, राशिद को लेकर चौरहट चली गईं। राशिद और उसकी मां शहजादी साथ ही पाकिस्तान गए थे। शहजादी से तलाक के बाद राशिद के पिता इदरीस ने दूसरा निकाह नूरसफा से किया। नूरसफा और तीन बेटियों के साथ वह छित्तूपुर के मकान में रहता है। बीते छह माह से इदरीस मुंबई में रहकर अपनी बड़ी बेटी का इलाज करा रहा है।

बोर्ड के विद्यार्थी जांचेंगे शैक्षिक विवरण

धर्मेश अवस्थी ● प्रयागराज

यूपी बोर्ड अब शिक्षक व अभिभावकों के बाद शैक्षिक विवरण जांचने का जिम्मा छात्र-छात्राओं को सौंपने की तैयारी है। जल्द ही बोर्ड प्रशासन छात्र-छात्राओं का पूरा विवरण वेबसाइट पर डालने जा रहा है, ताकि छात्र अपना सारा ब्योरा खुद जांच सकें और यदि उसमें त्रुटि है तो कॉलेज प्रधानाचार्य से संपर्क करके उसे दुरुस्त करा सकें। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने कक्षा 9 से लेकर 12 तक के छात्र-छात्राओं का सारा विवरण इस बार से त्रुटिहीन करने की मुहिम शुरू की है। उसी के तहत तरह-तरह के कदम उठाए जा रहे हैं, पहले कक्षाध्यापक व प्रधानाचार्यों के माध्यम से उसे दुरुस्त कराया गया और अभिभावकों से इस संबंध में प्रमाणपत्र मांगा गया। इसके लिए कई बार वेबसाइट खोली गई और जिला विद्यालय निरीक्षकों से टीमें बनवाकर उसका औचक निरीक्षण कराया गया है। दिसंबर में यह कार्य पूरा हो चुका है। इसी माह सभी अभिभावकों को प्रवेशपत्र जांचने का निर्देश हुआ है, क्योंकि यदि प्रवेशपत्र पर विषय, जन्म तारीख सहित अन्य सूचनाएं गलत दर्ज हैं तो उसे ठीक करा दें। बोर्ड प्रशासन की मानें तो अब जल्द ही कक्षा 9 से लेकर 12 तक के करीब एक करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं का विवरण ओपन वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। इसमें छात्र-छात्राएं खुद विवरण की जांच कर सकेंगे। इसके लिए पहले उन्हें संबंधित जिला, स्कूल और फिर कक्षा में अपने नाम का ब्योरा देखना होगा। अफसरों का मानना है कि यह कार्य आसानी से इसलिए संभव है, क्योंकि तमाम छात्र-छात्राएं मोबाइल व कंप्यूटर पर कार्य कर रहे हैं।

अंकों की ही नहीं साहस-संस्कार की भी दें शिक्षा : स्मृति ईरानी

जासं, देवरिया: केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में साहस और संस्कार की भी शिक्षा दी जानी चाहिए। इससे बेहतर समाज की स्थापना होगी। परिवार का मान भी बढ़ेगा। देवरिया के रोपन छपरा गांव में सोमवार को स्व.भद्रसेन सिंह की पुण्यतिथि पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस ग्रामीण अंचल में ठाकुर भद्रसेन सिंह ने शिक्षा की जो ज्योति जलाई, वह निरंतर लोगों को प्रकाशित कर रही है। बेटियां खूब पढ़ें, आगे बढ़ें, यही कामना है।

दुष्कर्म पीड़ित छात्रा ने जहर खाकर जान दी

जागरण संवाददाता, चित्रकूट : राजापुर क्षेत्र से कर्वी जाते समय खटवारा गांव के सामने एक दुष्कर्म पीड़िता की हालत बिगड़ी और अस्पताल में उसकी मौत हो गई। सुसाइड नोट के आधार पर पड़ोसी युवक के खिलाफ आत्महत्या दुष्प्रेरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

18 वर्षीय छात्रा ने दो नवंबर 2018 को गांव के रोहित तिवारी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। तब से आरोपित जेल में निरुद्ध है। घटना के बाद से छात्रा कर्वी क्षेत्र में किराये पर कमरा लेकर पढ़ रही थी। रविवार को वह गांव गई थी। वहां से लौटते समय दोपहर खटवारा गांव के पास उसे उल्टियां होने लगीं। ग्रामीण राम बालक की निगाह पड़ी तो परिवार को सूचना दी और उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बहन ने बताया कि रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे उसे कर्वी में छोड़ा गया था लेकिन वह खटवारा कैसे पहुंची, यह बड़ा सवाल है। एसपी अंकित मित्तल ने बताया कि छात्रा के कमरे में सुसाइड नोट मिला है। उसमें प्रेम संबंध की बातें लिखी हैं।

Darjeeling Municipality
Darjeeling
E-Tender Notice
NIeT No. 01/WW/DM/19-20 (2nd Call)
